नई दिल्ली, बुधवार 4 मार्च 2026 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-01 ■ वर्ष : 29, अंक : 320 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 33 न्यून. 18 haribhoomi.com



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

होली की शुभकामनाएं



## ईरान ने बंद किया होर्मुज जलडमरूमध्य, जहाजों को निशाना बनाने की दी चेतावनी, दुनिया की 20% क्रूड ऑयल सप्लाई पर संकट

# ईरान के राष्ट्रपति दफ्तर पर बड़ा हमला, नए रक्षा मंत्री की मौत, 48 घंटे पहले ही संभाला था पद

### जंग में ईरान को नुकसान...

- 4 दिन में 787 लोगों की मौत
- 153 शहरों पर हमला हुआ
- 504 जगहों पर 1,039 हमले
- वहीं, ईरान ने यूएई पर 186 मिसाइल और 812 ड्रोन दागे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान से अमेरिका व इजरायल की जंग अब विकराल रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट कर दिया है कि ये जंग 2 से 3 हफ्ते तक चल सकती है। इजरायल ने ईरान के राष्ट्रपति दफ्तर पर फिर एक बार हमला किया है। इजरायली सेना का दावा है कि यह ईरानी शासन का सेंट्रल और अहम हेडक्वार्टर है। सेना ने कहा कि तेहरान के बीच में ईरानी शासन के लीडरशिप कंपाउंड के अंदर की सुविधाओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

## तनाव के बीच प्रधानमंत्री ने की कतर, कुवैत, ओमान के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत

### भारतीयों की सुरक्षा के साथ संबंधित देश पर हुए हमलों को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया तनाव से गहराते संकट के बीच भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्षेत्र के तमाम साझेदार देशों के राष्ट्रप्रमुखों के साथ संवाद का सिलसिला लगातार जारी है। जिसमें मंगलवार को उन्होंने कतर, कुवैत और ओमान के शीर्ष नेताओं के साथ टेलीफोन के माध्यम से बातचीत की है। मोटा-मोटी इसका निचोड़ यही है कि प्रधानमंत्री ने अपने समकक्षों से वार्ता में दो मुद्दों को मुख्य रूप से शामिल किया है। जिसमें भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने को लेकर आभार जताते हुए संबंधित देश पर किए जा रहे हमलों को लेकर चिंता प्रकट की है। यह जानकारी पीएम ने अपनी कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले को लेकर बीते कुछ दिनों से ही क्षेत्र के तमाम देशों के प्रमुख नेताओं के साथ संपर्क में बने हुए हैं। पूर्व में उन्होंने इजरायल, बहरीन, जार्डन, यूएई और सऊदी अरब के राष्ट्राध्यक्षों के साथ चर्चा की थी। आगामी वक्त में भी उनकी ओर से बातचीत का ये सिलसिला जस का तस जारी रहेगा।

### संप्रभुता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ हुई बातचीत को लेकर प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि भारत एकजुटता से कतर के साथ खड़ा है। हम उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के किसी भी उल्लंघन की कड़ी निंदा करते हैं। संवाद व कूटनीति के जरिए क्षेत्र में शांति-स्थिरता की बहाली की तत्काल आवश्यकता पर भारत ने जोर दिया है। मैंने इस मुश्किल वक्त में कतर में रह रहे भारतीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पश्चिम-एशिया तनाव के बीच मंगलवार को एक बयान जारी कर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल**

## संघर्ष से अर्थव्यवस्था पर गंभीर परिणामों का खतरा, व्यापारिक जहाजों पर हमले निंदनीय : भारत

- *'बातचीत-कूटनीति' से समस्या समाधान के अपने पक्ष को भारत ने पुनः मजबूती के साथ दोहराया*
- *क्षेत्र में उभरते हुए हालातों पर रहेगी सरकार की पैनी नजर, राष्ट्रीय हित में उठाए जाएंगे तमाम जरूरी कदम*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया क्षेत्र में हर गुजरते पल के साथ विकराल रूप धारण करती जा रही अमेरिका-इजरायल और ईरान की लड़ाई के बीच मंगलवार को भारत ने एक बार फिर से पूरी मजबूती के साथ तनाव को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सभी पक्षों से बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान निकालने का आह्वान किया है। वहीं, सरकार ने ये साफ कर दिया है कि संघर्ष से व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला के प्रभावित होने की आशंका है और इससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### होली पर्व की शुभकामनाएं

होली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

*इस अवसर पर 04 मार्च बुधवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 06 मार्च शुक्रवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

### होली के चलते आज सुबह नहीं चलेगी नमो भारत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के अनुसार होली के दिन बुधवार को दिल्ली से मेरठ के बीच चलने वाली नमो भारत ट्रेन सुबह संचालित नहीं होगी। सुबह से शाम 5 बजे तक सेवाएं बंद रहेंगी और शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक ट्रेनें चलाई जाएंगी। सामान्य दिनों में यह सेवा रविवार समेत पूरे सप्ताह सुबह 6 बजे से शुरू होती है, लेकिन होली के कारण इसमें बदलाव किया गया है। इसी तरह दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने बताया है कि होली के दिन दोपहर 2:30 बजे तक मेट्रो सेवा बंद रहेगी। दोपहर ढाई बजे के बाद सभी कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन सामान्य रूप से शुरू होगा और शेष दिन नियमित समय-सारणी के अनुसार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। डीएमआरसी के अनुसार यह कदम कर्मचारियों को त्योहार मनाने का अवसर देने के लिए उठाया गया है। वहीं दिल्ली परिवहन निगम ने भी बस सेवाओं में बदलाव किया है। होली के दिन पहली शिफ्ट में बसों का संचालन नहीं होगा। दोपहर 2 बजे के बाद बसों की आउट रोडिंग की जाएगी, हालांकि शुरुआत में केवल लगभग 25 प्रतिशत बसें ही सड़कों पर उतरेंगी। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी रूट पर यात्रियों का दबाव बढ़ता है तो फेरे बढ़ाए जाएंगे।



### पश्चिम-एशिया तनाव के बीच

## रक्षा मंत्रालय 5,083 करोड़ रुपए में करेगा हेलीकॉप्टरों, मिसाइल की खरीद, हुई डील

- *रूस से नौसेना को मिलेगी 'Shtil' मिसाइल, एचएएल तटरक्षकबल को देगा 6 हेलीकॉप्टर*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में चल रहे त्रिपक्षीय युद्ध (अमेरिका-इजरायल और ईरान) के बीच रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कुल 5 हजार 83 करोड़ रुपए के जंगी हथियारों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसकी खास बात यह है कि भारत के सबसे पुराने और भरोसेमंद रक्षा साझेदार देश यानी रूस से नौसेना को सतह से हवा में लंबवत (वर्टिकल) मार करने वाली 'Shtil' मिसाइल मिलेगी। जबकि तटरक्षकबल को 6 उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव मार्क-3 (समुद्री भूमिका) रक्षा क्षेत्र के स्वदेशी उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा सौंपे जाएंगे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित मंत्रालय के कार्यालय में इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। 3 मार्च को एक बयान के जरिए रक्षा मंत्रालय ने ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 2,182 करोड़ में होगी मिसाइल खरीद

मंत्रालय ने बताया कि नौसेना के लिए रूस से की जाने वाली 'Shtil' मिसाइलों की खरीद 2 हजार 182 करोड़ रुपए में की जाएगी। जिनका उत्पादन रूसी स्वामित्व वाली सरकारी सैन्य हथियार निर्माता कंपनी 'जेएससी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट' द्वारा किया जाएगा। समझौते में मिसाइलों के होल्डिंग फ्रेम भी शामिल हैं। इस सिस्टम की मदद से नौसेना के जंगी युद्धपोतों की दुश्मन की तरफ से कहीं से भी आने वाले हवाई ▶▶ शेष पेज 5 पर

**एयरफील्ड, जहाज दोनों से करेंगे कार्रवाई:** ध्रुव मार्क-3 दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है, जिसमें स्टेट-ऑफ-द-आर्ट विशेषताओं को शामिल किया जाएगा। ये मुख्य-रूप से वर्तमान में प्रयोग किए जा रहे हवाई प्लेटफार्म से काफी बेहतर होंगे। जिनकी मदद से तटरक्षकबल दो-तरफा ढंग अपने सैन्य अभियानों का आगाज कर सकेगा। एक में तट के करीब स्थित किसी एयरफील्ड से और दूसरे में दूर ▶▶ शेष पेज 5 पर

*बोर्ड ने एक बयान जारी कर कहा कि 1 मार्च को जारी सर्कुलर के विस्तार का हिस्सा है उसका यह निर्णय*

## सीबीएसई ने की खाड़ी देशों में बोर्ड परीक्षाओं को टालने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को जारी किए गए अपने एक ताजा आदेश में खाड़ी देशों जैसे ईरान, कुवैत, बहरीन, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी 5 और 6 मार्च को होने वाली 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को टालने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने इस बाबत सभी देशों के प्रधानाचार्यों को आधिकारिक संदेश भेजकर सूचित कर दिया है। जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि क्षेत्र में बने हुए हालात की गंभीरता से समीक्षा करने के बाद यह फैसला किया गया है। सीबीएसई द्वारा जल्द ही परीक्षाओं ▶▶ शेष पेज 5 पर



- 5 और 6 मार्च को होने वाली परीक्षाओं को लेकर जल्द किया जाएगा नई तारीखों का ऐलान

*बृजमोहन अग्रवाल, तारिक अनवर, मणिकम टैगोर, टीआर बालू, मनीष तिवारी सहित कई सदस्य शामिल*

## लोकसभा अध्यक्ष ने रविशंकर की अध्यक्षता में विशेषाधिकार समिति गठित की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को विशेषाधिकार समिति के सदस्यों को आधिकारिक तौर पर मनोनीत किया, जो 3 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा।



संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन से संबंधित मुद्दों की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए गठित इस समिति की अध्यक्षता भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद करेंगे। मनोनीत अन्य सदस्यों में बृजमोहन अग्रवाल (भाजपा), तारिक अनवर (कांग्रेस), मणिकम टैगोर (कांग्रेस), टीआर बालू (डीएमके), कल्याण बनर्जी (एआईटीसी), श्रीरंग अप्पा चंदू बर्ने (शिव सेना), रामवीर सिंह बिधूड़ी (भाजपा), संगीता कुमारी सिंह देव (भाजपा), जगदंबिका पाल (भाजपा), त्रिवेंद्र सिंह रावत (भाजपा), अरविंद ▶▶ शेष पेज 5 पर

*विशेष उड़ानें संचालित करने और हवाई किरायों में वृद्धि पर रोक लगाने की भी अपील की*

## मध्य पूर्व में फंसे हुए पंजाबियों के लिए बचाव उड़ानें शुरू करने की मांग, नायडू से मिले रवजोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य पूर्व में बढ़ते टकराव के कारण बड़ी संख्या में पंजाबियों के फंसे होने के मद्देनजर पंजाब सरकार के एनआरआई मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने मंगलवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के.आर. नायडू से मुलाकात की। उन्होंने फंसे हुए लोगों की सुरक्षित और शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए बचाव उड़ानें शुरू करने, विशेष विमान संचालित करने तथा हवाई किरायों में की गई वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा, "उड़ानों को पुनः शुरू करने और विशेष निकासी सेवाएं चलाने की तत्काल आवश्यकता है। हमारे लोगों को इस संकट की घड़ी में असहाय नहीं छोड़ा जा सकता।"



मध्य पूर्व में जारी चल रहे टकराव और क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण प्रवासी पंजाबी समुदाय को हो रही कठिनाइयों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, "पंजाब की आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न मध्य पूर्वी देशों में रहकर काम करता है। निर्धारित उड़ानों के रद्द होने से हमारे अनेक एनआरआई भाई-बहन वहां फंस गए हैं और उनके परिवार यहां गहरी चिंता में हैं।"

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से सुरक्षित हवाई मार्गों पर संचालन बहाल करने हेतु एयरलाइनों के साथ समन्वय स्थापित करने और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भाजपा ने राज्यसभा की नौ सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए

*छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा और पश्चिम बंगाल से राजीव सिन्हा को उम्मीदवार बनाया*

## बिहार से भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन जाएंगे राज्यसभा, हरियाणा से संजय भाटिया उम्मीदवार

**बिहार, असम और ओडिशा से दो-दो उम्मीदवारों के नाम लिस्ट में शामिल, जबकि छत्तीसगढ़, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से एक-एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा**


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बिहार से राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने मंगलवार को राज्यसभा की नौ सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। हरियाणा से संजय भाटिया को उम्मीदवार घोषित किया है। छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम बंगाल से पार्टी के दिग्गज नेता राजीव सिन्हा को राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया गया है। मतदान की तारीख 16 मार्च है। चुनाव की प्रक्रिया में अब केवल एक दिन का समय बाकी है, 3 और 4 मार्च को होली के चलते अवकाश रहेगा, ऐसे में 5 मार्च तक ही नामांकन किया जा सकता है।



नितिन नवीन | लक्ष्मी वर्मा | मनमोहन सामल | सुजीत कुमार

बिहार, असम और ओडिशा से दो-दो उम्मीदवारों के नाम लिस्ट में शामिल है जबकि छत्तीसगढ़, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से एक-एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की गई है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से राज्यसभा प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार विधानसभा के सदस्य हैं और पटना की बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हाल ही में आयोजित बजट सत्र में भी उन्होंने हिस्सा लिया था। वे बिहार की नीतीश कुमार सरकार ▶▶ शेष पेज 5 पर



**खबर संक्षेप**

## कार के दरवाजे से टकरा गिरा स्कूटी सवार बस ने कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर पश्चिम मेट्रो स्टेशन के पास एक कार का दरवाजा अचानक खुल गया। इससे टकराकर स्कूटर सवार सड़क पर गिरा और पीछे से आ रही डीटीसी बस ने उसे कुचल दिया। स्कूटी सवार की हादसे में मौत हो गयी। मृतक का नाम दक्ष (30) बताया गया है। पुलिस के अनुसार कार सवार एक व्यक्ति ने बेचैनी की शिकायत के बाद वॉशरूम जाने के लिए गाड़ी को रोकने का अनुरोध किया था, जिसके बाद कार सड़क की बाई ओर रुकी थी। शख्स ने कार का दाहिनी ओर का पिछला दरवाजा खोला। उसी समय, पीछे से आ रहे एक स्कूटर सवार की टक्कर दरवाजे से हो गई। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि टक्कर के बाद स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रही डीटीसी बस ने उसे कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित दक्ष को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दक्ष के पिता का नाम ईश्वर बताया गया है। वह उत्तम नगर में परिवार के साथ रहता था। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## भजनपुरा में घर के बाहर गोलीबारी, कोई जख्मी नहीं

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा क्षेत्र में मंगलवार को अज्ञात व्यक्तियों ने एक घर के बाहर कथित रूप से हवा में गोलियां चलाई। इस घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता मोहम्मद अब्दुल कादिर (39) ने पुलिस को बताया कि उनके घर के सामने दो-तीन लोगों ने गोलीबारी की और फिर भाग गए। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने मौके का मुआयना किया और साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान करने व उन्हें पकड़ने के लिए टीम लगाई गई है।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने और स्टंटबाजों पर भी रहेगी नजर

# होली पर बॉर्डर इलाकों में पुलिस की कड़ी चौकसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में शांतिपूर्ण होली सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था दिल्ली पुलिस द्वारा की गई है। इसके तहत दिल्ली-हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सभी सीमावर्ती सड़कों के आसपास शराब तस्करों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने और स्टंटबाजों से निपटने व कार्रवाई के लिये पूरे शहर में 15 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह तैनाती 'ऑपरेशन आघात' के तहत होली से पहले चलाए गए अभियान के साथ की जा रही है। इस अभियान के दौरान दिल्ली पुलिस (दक्षिणी रेंज) ने 204 लोगों को गिरफ्तार किया




और 973 को एहतियाती प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया। इस वर्ष विशेष ध्यान शराब पीकर या लापरवाही से वाहन चलाने और मोटरसाइकिल स्टंट करने वालों पर रहेगा। इसके लिए प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों, बाजारों और आवासीय कॉलोनियों में कई जगह चेकपोस्ट लगाए जाएंगे। हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़ी सभी सड़कों वाले सीमावर्ती क्षेत्रों पर सघन जांच की जाएगी। रणनीतिक बैरिकेडिंग और नाका पिकेटिंग की योजना बनाई गई है तथा पूरे त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी बनाए रखी जाएगी, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। यातायात पुलिस की कई टीम 'ब्रेथ एनालाइजर' और 'स्पीड डिटेक्शन' उपकरणों से लैस होकर पूरे दिन अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों की पहचान करेंगी और उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगी। पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्षों में त्योहार के दिन शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। 2023 में 559, 2024 में 824 और 2025 में 1,213 मामले दर्ज किए गए। होली के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली को जिम्मेदारी के साथ मनाएं, किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें और सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा न करें। इसके साथ ही त्योहार के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने में पुलिस की मदद करें।

## स्कूल शिक्षा के साथ-साथ दे रहा है संस्कार : इंद्रराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के बवाना गांव स्थित निजी रॉक्सफील्ड पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव "सत्यमेव जयते 2026" रोहिणी के टेकनिया ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। वहीं, रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जैसे ही बच्चों ने मंच पर कदम रखा, पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। हर प्रस्तुति में आत्मविश्वास और शिक्षकों की मेहनत साफ झलक रही थी। स्कूल के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष मीना गुप्ता ने कार्यक्रम को यादगार बताते हुए कहा कि मंच पर आना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। भाजपा नेता अशोक ठाकुर और समाजसेवी सुनील गोयल ने भी बच्चों के आत्मविश्वास और स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की।

# स्वरूप नगर में सिलेंडर विस्फोट दो बच्चों समेत सात जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्वरूप नगर इलाके में एक रिहायशी इमारत में मंगलवार को एक छोटा एलपीजी सिलेंडर फट गया। इस घटना में दो बच्चों समेत सात लोग घायल हुये हैं। घायलों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार घटना स्वरूप नगर स्थित एक घर में मंगलवार तड़के सामने आई। विस्फोट इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित एक कमरे में हुआ, जिसमें चार सदस्यों वाला एक परिवार किराये पर रहता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया। विस्फोट के समय तीसरी मंजिल पर मौजूद एक महिला और दो बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के प्रभाव से दूसरी मंजिल पर रहने वाली दो महिलाएं भी घायल हो गईं। सभी घायलों को इलाज के लिए, बुराड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई और तेज आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल गये। पुलिस ने बताया कि वे सिलेंडर विस्फोट के कारण की जांच कर रहे हैं और यह भी तफ्तीश कर रहे हैं कि क्या इसमें किसी प्रकार की लापरवाही शामिल थी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **82 Cr. P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **पंकज साह, पुत्रः** श्री भोला साह, **पताः** मकान न. 98, गली न. 04, ब्लॉक–ए, वेस्ट करावल नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 1043/2025, U/s: 306/317(2)/3(5) IPC, थानाः कोतवाली, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पंकज साह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पंकज साह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1043/2025, U/s: 306/317(2)/3(5) IPC, थानाः कोतवाली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **पंकज साह,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा, एलडी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केन्द्रीय)
केन्द्रीय जिला, कमरा न. 272
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2742/N/2026
(Court Matter)

## गरीबों को नहीं मिल रहा सस्ती जमीन वाले अस्पतालों में मुफ्त इलाज : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में 60 के करीब प्राइवेट अस्पतालों को छूट पर जमीन इस लिए दी गई थी ताकि आर्थिक रूप से गरीब लोगों को भी नामी अस्पतालों में मुफ्त ईलाज मिल सके। इन अस्पतालों में इन पैशन्ट डिपार्टमेंट (आईपीडी) 10 प्रतिशत बिस्तर और ओपीडी में 25 प्रतिशत सेवा आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के मरीजों को दिया जाना था परंतु आप पार्टी और अब भाजपा की दिल्ली सरकारों के कार्यकाल में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इन अस्पतालों में इलाज ना मिल पाना इन पार्टियों के गरीब विरोधी चेहरे को उजागर करता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि प्राइवेट अस्पतालों में गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज दिलाने के लिए सरकारी सम्पर्क अधिकारी नियुक्त होने के बावजूद गरीबों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुल 63 अस्पताल गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज करने के लिए बाध्य है, लेकिन 56 अस्पताल ही चल रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने कहा कि भाजपा हो या आम आदमी पार्टी दोनों के शासन काल में दिल्ली सरकार और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद दिल्ली के प्राईवेट अस्पतालों द्वारा ईडब्लूएस वर्ग के लोगों का मुफ्त इलाज नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के 51 प्राईवेट अस्पतालों को अपने 2018 के आदेश की अवमानना का नोटिस जारी करके पूछा है कि क्यों न प्राईवेट अस्पतालों को दिल्ली सरकार की ओर से दी जाने वाली छूट को वापस ले लिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्राइवेट अस्पतालों को कन्सेशन रेट पर जमीन दी गई थी उनमें अपोलो, मैक्स, फोर्टिस, सर गंगाराम, होली फ़ैमिली, बतरा, मूलचंद खेराती राम, और विम्हंस आदि बड़े अस्पताल शामिल हैं।

# एमसीडी : फतेहपुर बेरी यूपीएचसी में किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण



■ सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जनस्वास्थ्य अभियानों के अंतर्गत साउथ जोन स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर बेरी में 14-15 वर्ष की किशोरियों के लिए, ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। एचपीवी संक्रमण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है, और समय पर टीकाकरण से इसके जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने न केवल टीकाकरण किया, बल्कि उपस्थित अभिभावकों और किशोरियों को एचपीवी संक्रमण, उसके प्रभाव और टीके के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। एमसीडी ने अपने सोशल अकाउंट पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा है कि वह सभी नागरिकों को सुलभ और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। निगम के अनुसार, सार्वजनिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि समाज के हर वर्ग को आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सके।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिलशाद उर्फ तन्ना पुत्रः मोहम्मद सोहेल पताः ए–106, जेजे कॉलानी, बवाना, दिल्ली–110039** ने case **e-FIR No. 80093793/2025 U/s 303(2)/318(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः आईजीआईए मेट्रो, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलशाद उर्फ तन्ना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलशाद उर्फ तन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि case **e-FIR No. 80093793/2025 U/s 303(2)/318(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः आईजीआईए मेट्रो, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिलशाद उर्फ तन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्‌मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.04.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रणव जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी–01
कोर्ट नं. 2, भू–तल, मेन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/2685/Metro/2026 (Court Matter)

# बीजेपी ऑन ड्यूटी हुई सफाईकर्मी की मौत मामले में परिजनों को दे एक करोड़ का मुआवजा : अंकुश

■ वार्ड 89 में हुई सफाईकर्मी की मौत की जांच कराई जाए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को करमपुरा वार्ड 89 में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारी संदीप के परिजनों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया। साथ ही भाजपा सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। इस

बाबत मंगलवार को उन्होंने दिल्ली नगर निगम समस्त कोर कमेटी के सदस्यों के साथ निगम उपायुक्त से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की पुरजोर मांग है कि दिवंगत कर्मचारी के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा और एक सदस्य को स्थायी नौकरी जल्द से जल्द दी जाए। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली के करोलबाग जोन स्थित वार्ड 89 करमपुरा में सोमवार को ऑन-ड्यूटी सफ़ाई कर्मचारी संदीप की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। यह घटना बेहद दुखद



### दो माह पहले ही हुए थे पक्के

अंकुश नारंग ने कहा कि करोल बाग जोन के वार्ड 89 के एक सफाई कर्मचारी संदीप दो महीने पहले ही पक्के हुए थे। पक्का होने के बावजूद उन्हें अभी तक नई पोस्टिंग और नई तनख्वाह नहीं मिली थी और सोमवार शाम (2 मार्च को) ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से उनकी दुखद मृत्यु हो गई।

### कर्मचारियों ने बताई अपनी समस्याएं

यहां कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं भी बताईं ताकि करोल बाग जोन के अंतर्गत आने वाले सभी 13 वार्डों के निवासियों को एक बेहतर सफाई व्यवस्था दी जा सके। इस पर चर्चा की गई और अंत में संदीप की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। इस अवसर पर करोल बाग जोन अध्यक्ष पुनीत राय और पूर्व जोन अध्यक्ष व स्थानीय पार्षद राकेश जोशी उपस्थित रहे।

और चिंताजनक है। एक कर्मचारी, जो पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटी निभा रहा था, उसके साथ ऐसा व्यवहार आखिर क्यों किया गया। क्या कर्मचारियों की गरिमा और मानसिक स्वास्थ्य की कोई कीमत नहीं है? आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी हमारे शहर की रीढ़ हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। दिवंगत संदीप को भावभीनी श्रद्धांजलि। ईश्वर उनके परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करे।

# मानसून से पहले ही गलियां होने लगी गायब, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मानसून आने में अभी करीब आधा साल है लेकिन दिल्ली की गलियों में नालियों का पानी भरने से मानसून जैसे हालात हो गए हैं। जिसके चलते दिल्ली नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर अभी से ही सवाल उठने शुरू हो गए हैं। बार बार दिल्ली नगर निगम द्वारा नालों और नालियों की नियमित सफाई तथा गाद निकासी के दावे किए जाते हैं लेकिन इसी के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। मंगलवार सुबह नरेला जोन के बख्तावरपुर वार्ड अंतर्गत सिंघू गांव में नालियों का पानी



■ दिल्ली नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर उठाए सवाल

गलियों में भर गया। हालात ऐसे हो गए कि कई जगह गलियां का कुछ हिस्सा पूरी तरह पानी में डूब गया और बच्चों के लिए रास्ते पहचानना मुश्किल हो गया। जिस पर ग्रामीणों ने दिल्ली नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

### एमसीडी 311 ऐप पर नहीं हो रहा समाधान

स्थानीय निवासियों के अनुसार, शिकायत दर्ज कराने के बाद निगम कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर नालियों की सफाई की, जिसके बाद पानी निकला और गलियां दोबारा दिखाई देने लगीं। हालांकि स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह केवल अस्थायी राहत है। ग्रामीणों ने बताया कि दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह दिल्ली की बेहतरी के लिए एमसीडी 311 ऐप पर शिकायत दर्ज कराने की अपील करते हैं लेकिन शिकायत करते हैं तो उसका समाधान पारदर्शी तरीके से नहीं किया जा सकता है।

### ऊपर की सफाई से नहीं होता है समस्या का समाधान

ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों की गहराई से सफाई नहीं की जा रही है। ऊपर-ऊपर की सफाई से समस्या बार-बार लौट आती है। उनका कहना है कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की खपत बढ़ जाती है, जिससे नालियों में जल प्रवाह अधिक हो जाता है और निकासी व्यवस्था कमजोर पड़ जाती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नालियों की समुचित और वैज्ञानिक तरीके से सफाई कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि बरसात और गर्मी के मौसम में जलभराव जैसी समस्या से राहत मिल सके।

## दिल्ली सरकार ने नालियों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने नये 'ड्रेनेज मास्टर प्लान' के पहले चरण के तहत अगले वित्त वर्ष में 300 किलोमीटर के जल निकास नेटवर्क का पुनर्निर्माण करने की योजना बनाई है। दिल्ली की अगले 30 वर्षों की जल निकासी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किये गये इस बहुप्रतीक्षित जल निकासी मास्टर प्लान (ड्रेनेज मास्टर प्लान) को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पिछले साल सितंबर में जारी किया था। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि हाल में आयोजित बजट संबंधी बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 300 किलोमीटर जल निकासी व्यवस्था के नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए बजट संबंधी आवश्यकताएं सरकार को भेजी जाएंगी। इस योजना का शहर में दो चरणों में कार्यान्वयन का प्रस्ताव है, जिसका उद्देश्य अगले तीन वर्षों में जलभराव की घटनाओं को 50 प्रतिशत तक और अगले पांच वर्षों में बाढ़ से संबंधित दुर्घटनाओं को 30 प्रतिशत तक कम करना है। इस कार्यान्वयन पर 57 हजार 362 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। पीडब्ल्यूडी ने जलभराव वाले प्रमुख क्षेत्रों में कुछ जल निकासी पुनर्निर्माण परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दे दी है।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 23.03.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम निविदा क्र. / नि. सूचना क्र. एवं दिनांक | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर जिले के विकासखंड - धरसींवा की बरडीह जलाशय का शीर्ष कार्य एवं मुख्य नहर के दायें तट के आर.डी. 0 मी. से आर. डी. 1140 मी. तक एवं बांये तट के आर. डी. 0 मी. से आर.डी. 1260 मी. तक सी.सी. लाईनिंग के साथ 06 नग व्ही. आर. बी, 01 नग फॉल, 03 नग ड्रेनेज क्रासिंग, 20 नग डायरेक्ट आउटलेट का निर्माण कार्य। | 186191 / निविदा सूचना क्र.10/ वलेलि / 2025-26, रायपुर, दिनांक 02.03.2026 | 203.72 |
| 2 | बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड - बलौदाबाजार की कुम्हारी मध्यम जलाशय का शीर्ष कार्य, बिटकुली एवं भटभेरा माईनर का सी.सी. लाईनिंग कार्य के साथ कोलाबा फिक्सिंग एवं 12 नग फॉल निर्माण कार्य। | 186194 / निविदा सूचना क्र. 11/ वलेलि / 2025-26, रायपुर, दिनांक 02.03.2026 | 419.36 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.03.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, रायपुर (छ. ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ. ग.)**

G-252607006/5

# लॉरेंस बिश्नोई के वकील पर फायरिंग का मुख्य आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कश्मीरी गेट इलाके में लॉरेंस बिश्नोई के वकील पर फायरिंग का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा के एक सहयोगी को वकील दीपक खत्री की कार पर गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (मध्य) मधुर वर्मा के अनुसार खत्री की गतिविधियों की जानकारी उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल के



माध्यम से पता चली। आरोपी रोहित सोलंकी को रीलों के माध्यम से पता चला कि खत्री हर मंगलवार को मरघट वाले हनुमान मंदिर जाते हैं और मंदिर बंद होने पर ही वहां से निकलते हैं। प्रक्रियात्मक मुद्दों के कारण थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद सोलंकी को दो मार्च को दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी गोलीबारी की घटना के एक सप्ताह बाद हुई है। वर्मा ने बताया कि सोलंकी सिग्नल एप के जरिए गोदारा के सीधे संपर्क में था। वाहन में पांच लोग यात्रा कर रहे थे तभी अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों की संख्या तीन थी। बाकी दो की तलाश जारी है।

गौरतलब है कि कार में सवार लोगों में से संदीप नामक शख्स को पीठ में दो गोलियां लगी थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उनकी हालत स्थिर बताई गई और वह खतरे से बाहर हैं। इस संबंध में कश्मीरी गेट थाने में मामला दर्ज किया गया था। इस वारदात के बाद गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा से जुड़े गैंगस्टर नवीन बॉक्सर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें खत्री को धमकी दी गई थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लाभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में नेवल घीर गढ़ी बीरबल रोड (रोड आईडी 7170) (ओडीआर) लम्बाई कि.मी. 32.210 पर 50 मिमी डीबीएम जमा 30 मिमी बीसी और सीसी ब्लॉक सहित मजबूतीकरण। | 02.03.2026 23.03.2026 | 1445.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में बहादुरगढ़ में न्यायिक परिसर में सुगम्य भारत अभियान (लिफ्ट और हैंडरेल्स) (1 अदद 15 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 02.03.2026 09.03.2026 | 52.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला कैंट में नागरिक हस्पताल में चिकित्सकों/पैरामेडिकल स्टाफ हेतु आवासीय एक्मॉडेशन का निर्माण अर्थात (टी-2, टी-3, टी-6, रोड और पार्किंग तथा अग्निशमन सेवाएं) (बकाया कार्य)। | 26.02.2026 11.03.2026 | 960.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 वर्ष की अवधि के लिए सुपर सकर मशीन कम्प्लीट सैट का प्रचालन और रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.02.2026 09.03.2026 | 139.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | आरडी 115400/एल से आरडी 113200/एल तक पक्का पथ और गांव जलमाना के निकट आरडी 113200/एल पर नरदाक डिस्टी. पर स्थाई पम्प हाउस का निर्माण + 5 कार्य। | 28.02.2026 09.03.2026 | 142.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/100/43520/I/88/7 दि. 03.03.26

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'फ्लावर फेस्टिवल' का किया शुभारंभ

# 48 प्रजातियों के 15 हजार से अधिक फूलों से सजा सेंट्रल पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क 48 विभिन्न प्रजातियों के 15 हजार 500 से अधिक फूलों की किस्मों से खुशबू बिखेर रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सेंट्रल पार्क में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा आयोजित चार दिवसीय 'फ्लावर फेस्टिवल 2026' का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। इस



अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डहेलिया, पेटूनिया, पैंसी, साल्विया, मैरीगोल्ड सहित मौसमी पुष्पों के समूह विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। उत्सव में ट्रे गार्डन, लैंडस्केप गार्डन, बड़े आकार की हैंगिंग बास्केट, टेरारियम, पूर्वी एवं पश्चिमी शैली की पुष्प सज्जा (इकेबाना), पशु-पक्षी आकृतियों वाले फ्लोरल फिगर, रंग-बिरंगे फ्लोरल बोर्ड तथा पिरामिड, हार्ट शेप, कोनिकल एवं सिलेंडर आकार की पुष्प संरचनाएं विशेष सेल्फी पॉइंट के रूप में विकसित की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली को और अधिक सुंदर, स्वच्छ और आकर्षक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब लोग ट्यूलिप देखने कश्मीर जाते थे, लेकिन आज एनडीएमसी के प्रयासों से दिल्लीवासी राजधानी में ही रंग-बिरंगे ट्यूलिप और अन्य पुष्पों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने इसे 'सेल्फी फेस्टिवल' की संज्ञा देते हुए कहा कि यह आयोजन नागरिकों के लिए आनंद और उत्साह का अवसर बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फाल्गुन माह में आयोजित यह पुष्पोत्सव राजधानी को रंगों और खुशबुओं से सराबोर कर रहा है। एनडीएमसी के उद्यान विभाग के माली एवं अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उनके अथक परिश्रम से पूरा क्षेत्र पुष्पों से खिल उठा है और अन्य विभागों को भी इन प्रयासों से प्रेरणा लेकर दिल्ली के प्रत्येक क्षेत्र को हरित एवं सुंदर बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एनडीएमसी द्वारा विकसित की गई पुष्प संरचनाओं, पिरामिड आकृतियों और विविध फूलों की सज्जा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यदि इसी प्रकार परिश्रम जारी रहा तो पूरी दिल्ली फूलों से सराबोर हो सकती है। मुख्यमंत्री ने सभी दिल्लीवासियों से आह्वान किया कि वे परिवार सहित इस सुंदर फ्लावर फेस्टिवल में आएं, वसंत ऋतु की इस पुष्प-छटा का आनंद लें और दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने के संकल्प में सहभागी बनें।

## सीएम ने दिल्लीवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्लीवासियों को रंगों के महापर्व होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए 'पर्यावरण अनुकूल' प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने इस त्योहार को आपसी सद्भाव, प्रेम और एकता का प्रतीक बताते हुए दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संदेश में कहा है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी साझा संस्कृति और विविधता में एकता का उत्सव है। उनकी कामना है कि होली का पर्व हर दिल्लीवासी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने दिल्लीवासियों से कहा कि आइए, हम सब मिलकर नफरत को खत्म करें और भाई-चारे के रंगों से एक मजबूत समाज का निर्माण करें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि जिस तरह होली के रंग आपस में मिलकर एक नई सुंदरता रचते हैं, उसी तरह सरकार दिल्ली के कोने-कोने को आधुनिक सड़कों, सुगम परिवहन और स्मार्ट सुविधाओं से जोड़ने और प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिन-रात काम कर रही है।

## होली का त्योहार समाज में भाईचारा बढ़ाये : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बड़ी वैश्य महापंचायत के द्वारा कश्मीरी गेट पर आयोजित होली मंगल मिलन समारोह में सभी दिल्ली वालों को होलिकोत्सव 2026 की बधाई देते हुए कहा है कि ईश्वर से प्रार्थना है कि यह होली का त्योहार समाज में भाईचारा बढ़ाये और वैमनस्य का अंत हो। सचदेवा ने कहा है कि आज मैंने बड़ी वैश्य महापंचायत सहित लगभग 20 संस्थाओं के होली कार्यक्रमों में भाग लिया।

## 'होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि कृषि व्यवस्था से भी है जुड़ा'

नई दिल्ली। होली को आमतौर पर बुराई पर अच्छाई की विजय के पर्व के रूप में मनाया जाता है, लेकिन भारतीय परंपराओं में यह त्योहार सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कृषि रत्न पुरस्कार से सम्मानित दिल्ली देहात के प्रगतिशील किसान सत्यवान सहरावत ने होली पर्व को लेकर यह जानकारी दी और कहा कि ग्रामीण समाज में होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि कृषि, पशुपालन और सामाजिक व्यवस्था से जुड़ी एक सुदृढ़ परंपरा का हिस्सा रही है। आज जब आधुनिक कृषि विज्ञान और जैव विविधता की बात हो रही है, तब यह आवश्यक है कि हम अपने पारंपरिक त्योहारों और उनसे जुड़ी व्यवस्थाओं को भी समझें। होली केवल रंगों और उल्लास का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, कृषि प्रबंधन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी प्रतीक रही है।

## 'फांसी घर' विवाद : केजरीवाल छह मार्च को दिल्ली विधानसभा की समिति के समक्ष होंगे पेश

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखकर 'फांसी घर' मुद्दे पर छह मार्च को समिति के समक्ष अपनी उपस्थिति की पुष्टि की और कार्यवाही का सीधा प्रसारण किये जाने की मांग की। समिति दिल्ली विधानसभा के एक पुनर्निर्मित हिस्से से संबंधित मामले की जांच कर रही है, जिसका उद्घाटन आम आदमी पार्टी (आप) के शासनकाल में ब्रिटिश काल के 'फांसी घर' के रूप में किया गया था, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दावा है कि यह एक भोजन करने का कक्ष था। समिति ने इस मामले में केजरीवाल और आप के अन्य सदस्यों की उपस्थिति निर्धारित की थी। समिति के अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में केजरीवाल ने सूचित किया कि वह समिति के समन के अनुपालन में छह मार्च को समिति की सुनवाई में उपस्थित होंगे। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किये गए एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली प्रदूषण से जूझ रही है, सड़कें टूटी हुई हैं, हर जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और अस्पतालों में दवाइयों की कमी है। दिल्ली विधानसभा ने मुझे 'फांसी घर' के मुद्दे पर पूछताछ के लिए तलब किया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही के हित में, मैं अनुरोध करता हूं कि इस मामले में समिति की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाए।

# होली सत्य एवं धर्म की स्थायी जीत का उत्सव : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, यह भारत की सभ्यता की शक्ति, हमारी लोकतांत्रिक भावना और सत्य एवं धर्म की स्थायी जीत का उत्सव है। ये विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में आयोजित भव्य 'होली मिलन' समारोह के दौरान व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्रीलंका की उच्चायुक्त महामहिम प्रदीपा महिषिनी कोलोने, चीन के राजदूत महामहिम जू फेइहोंग, नेपाल के राजदूत महामहिम डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, मॉरीशस की उच्चायुक्त शीलाबाई बापू, इराक के चार्ज डी'अफेयर्स



ओडे हातिम मोहम्मद, मोल्दोवा की चार्ज डी'अफेयर्स डाना पायू और दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त महामहिम प्रोफेसर अनिल सूकलल सहित 31 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें रूसी संघ, चिली, सूडान, वेनेजुएला, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की उपस्थिति ने वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कूटनीतिक संबंधों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और कई विधायक भी उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में प्रह्लाद और होलिका की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्य और नैतिक साहस की हमेशा जीत होती है। उन्होंने राधा-कृष्ण की परंपराओं का स्मरण करते हुए होली को मानवता और प्रेम का प्रतीक बताया। गुप्ता ने दिल्लीवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील की। उन्होंने हर्बल गुलाल का उपयोग करने, रसायनों से बचने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया।

## रविंद्र इंद्राज ने आशा किरण होम के बच्चों के साथ मनाई होली

नई दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को रोहिणी स्थित आशा किरण होम में दिव्यांग एवं मानसिक रूप से विशेष बच्चों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंत्री इंद्राज ने बच्चों के साथ रंगों की खुशियां साझा कीं, उनका हालचाल जाना तथा कहा कि इन विशेष बच्चों के चेहरों की मुस्कान ही सरकार के लिए सच्चा आशीर्वाद और सामाजिक प्रगति का संदेश है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समावेश, अपनत्व और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि वे निरंतर दिवाली, रक्षाबंधन और अपना जन्मदिन भी आशा किरण होम तथा अन्य संस्थानों में रह रहे दिव्यांग एवं मानसिक रूप से विशेष बच्चों और वृद्धजनों के साथ मनाते रहे हैं। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज के संवेदनशील वर्ग के प्रति उनकी व्यक्तिगत और सरकारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार दिव्यांग एवं मानसिक रूप से विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास, बेहतर देखभाल, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।




**खबर संक्षेप**

### आरोग्य भारती के तत्वाधान में फूलों की होली

**गुरुग्राम।** आरोग्य भारती गुरुग्राम महानगर द्वारा होली मिलन समारोह सेक्टर 39 संपन्न हुआ। कार्यक्रम



की शुरुआत भारत माता और भगवान धनवंतरी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर और पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात पाध्यक्ष महेंद्र सिंह मेजर ने स्वास्थ्य के विषय पर कहा आज भारत में सर्वत्र जहां योग्य डॉक्टर्स, अच्छे अस्पताल और रोग परीक्षण के उत्कृष्ट उपकरण उपलब्ध है ।

### घर में घुसकर फोन व नगदी चोरी,आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने घर में घुसकर फोन व नगदी चोरी करने



के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशाल निवासी गांव छपरा, जिला संत कबीर नगर उत्तर प्रदेश हाल पदम नगर फरीदाबाद के रूप में हुई है।संदीप कुमार ने शिकायत दी थी कि 6 फरवरी की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुसा और कमरे से मोबाइल फोन तथा अलमारी से नगदी चोरी कर ले गए।

### जबरन वसूली करने के मामले में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने अपहरण कर जबरन वसूली करने के मामले



में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सन्नी के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि सन्नी पूर्व में गिरफ्तार अर्जुन का भाई है। अर्जुन और दीपक ने मिलकर वारदात की योजना बनाई थी और सन्नी को इसमें शामिल किया था। तीनों ने मिलकर शिकायतकर्ता का अपहरण किया और गाड़ी में बैठाकर घुमाते रहे।

### गांवों में लगेंगे 3 नए वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने पर्यावरण की रक्षा और औद्योगिक कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए फरीदाबाद में 926.96 करोड़ रुपए की लागत से 3 आधुनिक वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। ये संयंत्र फरीदाबाद के 3 गांवों में लगेंगे। इनकी कुल क्षमता लाखों लीटर प्रतिदिन होगी। परियोजना का मकसद औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले प्रदूषित जल को साफ करना है। इसके बजट और जिम्मेदारी को विभिन्न सरकारी विभागों के बीच बांट दी गई है। यह पहल फरीदाबाद के इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट और पर्यावरण के बीच मजबूत संतुलन बनाने में मदद करेगी। अधिकारी ने बताया कि गंदे पानी को साफ करने की योजना बना रही है।

## 9 मार्च तक दर्ज कराएं दावा, आपत्ति, पंचायत मतदाता सूचियां निरीक्षण के लिए उपलब्ध

# राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर फरीदाबाद में पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूचियां जारी की गईं

**हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 8(4) के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम जोडऩे, संशोधन करने या हटाने के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह 9 मार्च 2026 को सायं 3 बजे तक संबंधित प्राधिकृत अधिकारी अथवा खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में लिखित आवेदन दे सकता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिनांक 18 फरवरी 2026 के अनुपालन में जिला फरीदाबाद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूचियों का प्रकाशन 2 मार्च 2026 को कर दिया गया है।

एसडीएम बड़खल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत, फरीदाबाद त्रिलोक चंद द्वारा खण्ड फरीदाबाद की ग्राम पंचायत भसकौला, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार द्वारा खण्ड तिगांव की ग्राम पंचायत साहुपुरा खादर एवं फत्तुपुरा तथा एसडीएम बल्लबगढ़ मयंक भारद्वाज द्वारा खण्ड बल्लबगढ़ की ग्राम पंचायत डीग, फतेहपुर बिल्लौच एवं जखोपुर की मतदाता सूचियों के प्रारूप जारी किए गए हैं।

निर्धारित तिथि के बाद दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा

उक्त सूचियां 12 सितम्बर 2024 को प्रकाशित विधानसभा निर्वाचक नामावली तथा उसके पश्चात किए गए अद्यतन संशोधनों के आधार पर तैयार की गई हैं। संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में ये सूचियां निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 8(4) के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने या हटाने के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह 9 मार्च 2026 को सायं 3 बजे तक संबंधित प्राधिकृत अधिकारी अथवा खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में लिखित आवेदन दे सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## हरियाणा के उज्जवल भविष्य का बजट

**3 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का भी लक्ष्य**

# सीएम नायब सैनी हरियाणा में समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध

राजेश नागर मंगलवार को रेस्ट हाउस भवन बल्लभगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह, टिपर चंद शर्मा, जिला महामंत्री कविंदर चौधरी, अनुराग गर्ग एवं जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री हरियाणा के उज्जवल भविष्य का बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री ने गरीब, किसान, युवाओं और महिलाओं को सशक्त करने पर फोकस रखा है। राजेश नागर मंगलवार को रेस्ट हाउस भवन बल्लभगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाने की घोषणा
- इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर 10 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण




### कई नई योजनाओं को शीघ्र शुरू करने का वादा

खाद्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि नायब सैनी सरकार ने फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल क्षेत्र के लिए अनकों विकास योजनाएं शुरू की हैं, जिन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा तथा कई नई योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में मेट्रो विस्तार, अस्पतालों का निर्माण एवं बेड क्षमता बढ़ाना, शिक्षा का विस्तार और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है।

**1 लाख 80 हजार तक आय वाले परिवारों की महिलाओं को मिलेगा लाभ**

राजेश नागर ने कहा कि हरियाण की मुख्यमंत्री ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाने की भी घोषणा की है। अब एक लाख 80 हजार तक की आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। सीएम ने प्रदेश में 3 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का भी लक्ष्य रखा है। सरकार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए पिंक कैब योजना शुरू करेगी। इसमें महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 10 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

**जन-भागीदारी से तैयार हुआ विकास का दस्तावेज**

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट केवल आय-व्यय का विवरण नहीं है बल्कि यह जनता के विश्वास और भविष्य की मजबूत नींव का दस्तावेज है। गोयल ने कहा कि यह बजट हर वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसमें प्रदेशवासियों के हजारों सुझाव शामिल किए गए हैं।

## थाना भोजपुर से चल रहे थे फरार

# फर्जी पतों पर पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के 2 सदस्य अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

अपराध शाखा पुलिस थाना ने फर्जी तरीके से फर्जी पतों पर पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी थाना भोजपुर में दर्ज मामले में फरार चल रहे थे।डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि एक फरवरी को थाना भोजपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे फर्जी पतों पर अवैध रूप से 22 व्यक्तियों के विरूद्ध पासपोर्ट निर्गत किये जाने के आरोप था । प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए मामले की विवेचना को अपराध शाखा स्थानान्तरित किया गया। मुकदमा मे पूर्व में आठ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मंगलवार को मुश्ताक अहमद तथा मुदासिर खान को गिरफ्तार किया गया है।

### फर्जी पतों पर कई फर्जी पासपोर्ट बनाने का खुलासा

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त मुश्ताक अहमद द्वारा बताया गया कि वह दिल्ली पिछले कई वर्षों से अलग-अलग पतों पर निवास कर रहा है तथा प्रोपर्टी डीलिंग एंव लोगो के पासपोर्ट बनवाने का कार्य करता है । थाना भोजपुर पर पंजीकृत फर्जी पासपोर्ट बनवाने की घटना के अभियोग में पूछताछ पर मुश्ताक ने बताया कि उसने फर्जी दस्तावेजों एंव फर्जी पतों के आधार पर कई फर्जी पासपोर्ट तैयार कराए थे।

**हर पासपोर्ट पर ग्राहकों से डेढ़ लाख वसूले:** प्रत्येक पासपोर्ट को बनवाने की एवज में प्रत्येक ग्राहक से 1 लाख 50 हजार रुपए लिए थे । मुश्ताक ने बताया कि फर्जी पासपोर्ट बनवाने हेतु ग्राहक लाने का कार्य उसका साथी मुदासिर खान करता था। जिसके लिए मुश्ताक द्वारा मुदासिर को 25 हजार प्रत्येक पासपोर्ट मिलते थे। मुदासिर ने पूछताछ पर बताया कि वह कश्मीर का रहने वाला है । वर्ष 2019 मे फर्जी कागजात बनवाने के संबंध में मुदासिर की मुलाकात मुश्ताक से हुई थी ।

## पैर धोकर पार्षद जसवंत पवार सैनी ने किया सम्मानित, कहा-

# शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सफाईकर्मी

**होली के पावन पर्व पर सफाई कर्मचारियों का अभिनंदन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम के पार्षद जसवंत पवार सैनी द्वारा होली के पावन अवसर पर अपने क्षेत्र के सभी सफाई कर्मियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन उनके कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त सफाई साथियों को आमंत्रित कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पार्षद जसवंत पवार सैनी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए सफाई कर्मियों के प्रति आभार एवं सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता कर्मियों के चरण पखारकर समाज को स्वच्छता सैनिकों के सम्मान का संदेश दिया, उसी भावना से प्रेरित होकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### नागरिकों का कर्तव्य सफाईकर्मियों की अधिकारों की रक्षा करना

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन एवं हरियाणा सरकार में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के नेतृत्व में सफाई कर्मियों के कल्याण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नगर निगम के सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उनके सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करे।

इस अवसर पर पार्षद ने सभी सफाई कर्मियों को सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान की तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मंदिर से वापस लौटते समय हुआ हादसा

# अचानक बाइक खाई में गिरी नाबालिग समेत दो की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

जिला के दमदमा के नजदीक अरावली की पहाड़ी पर बने बड़ा जोहड़ मंदिर से बाइक से पिता-पुत्र समेत एक अन्य व्यक्ति की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक करीब 80 फुट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में नाबालिग समेत दमदमा निवासी अधेड़ की मौत हो गई, जबकि नाबालिग का पिता गंभीर रूप से घायल है। वहीं सोहना सदर थाना पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोहना नागरिक अस्पताल भेज दिया। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक का संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ है। जानकारी अनुसार, रिठौज निवासी सतपाल (55 ) व उसका बेटा उदय (16 ) त्योहार के मौके पर अरावली की पहाड़ियों में स्थित बड़ा जोहड़ मंदिर गए थे, जहां से लौटते समय दमदमा निवासी मुंदर उर्फ मुंदराज (58) भी उनकी बाइक पर बैठ गया। जैसे ही सीसी रोड से उनकी तेज ढलान पर पहुंची तो बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक समेत तीनों करीब 80 फुट ऊंची पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गए। हादसे में उदय व मुंदर उर्फ मुंदराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सतपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मुंदर व उदय के सिर में गंभीर चोट लगी मिली हैं। सतपाल के सिर व हाथ-पैरों पर गंभीर चोटें आने से वह दुर्घटनास्थल पर ही बेहोशी की हालत में मिला, जिसे सूचना के बाद सदर थाना सोहना पुलिस ने एंबूलेंस से सोहना अस्पताल पहुंचाया। जबकि दोनों मृतकों के शवों को भी पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया।

## 16 राज्यों में 3 करोड़ की 94 घटनाओं का खुलासा

# फाइल से फोन हैक कर साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के बदमाश




हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम, पुलिस ने एपीके फाइल से फोन हैक कर साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मैं उनसे आरोपियों के पूछताछ के बाद 16 राज्यों में करीब 3 करोड़ की 94 घटनाओं का खुलासा किया है। घटना में प्रयुक्त 12 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 8 सिम, 1 कार बरामद भी बरामद किए हैं। आरोपियों में पिन्टू कुमार यादव, आदर्श कुमार तथा प्रशान्त दीप हैं। जिन्हें थाना क्षेत्र विजय नगर से गिरफ्तार किया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि डॉ.श्रवण कुमार शर्मा के साथ उनके मोबाइल पर व्हाट्सअप के माध्यम से आरटीओ ई-चालान.एपीके फाइल भेजकर फोन हैक कर 10 से 19 फरवरी के मध्य साइबर फ्रॉड की घटना हुई ।

**पुलिस रिमांड पर लेकर हो रही पूछताछ**

# थाना पल्ला क्षेत्र के अंतर्गत गोली मार कर पत्नी की हत्या, पति को किया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बीते 20 फरवरी को थाना पल्ला क्षेत्र के अंतर्गत शिव एन्क्लेव पार्ट-1 में पत्नी की गोली मारकर हत्या करने मामले में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने 2 मार्च को आरोपी पति दिलीप यादव को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार विक्रम सिंह निवासी शिव एन्क्लेव पार्ट-2 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 वर्ष पहले उसकी बेटी संगीता ने दिलीप यादव के साथ लव मैरिज की थी। शादी के बाद पति पत्नी का आपस में पारिवारिक विवाद हो गया। आरोपी शिकायतकर्ता की बेटी के साथ मारपीट करता था, जिस पर उन्होंने दिलीप यादव के विरूद्ध साकेत कोर्ट दिल्ली में तलाक व मारपीट का दावा डाला हुआ था और उसकी बेटी दिलीप से अगल रह रही थी। इसी की रंजिश रखते हुये आरोपी ने 20 फरवरी को उसकी बेटी की गोली मार कर हत्या कर दी। शिकायत पर थाना पल्ला में हत्या से संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया और मामले का अनुसंधान अपराध शाखा डीएलएफ को सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर 2 मार्च को दिलीप यादव पुत्र राजेन्द्र राय निवासी स्थाई गांव पैगा चांदपुरा थाना भैलदी जिला छपरा बिहार हाल म. न. 279 गली न. 19 शिव एन्कलैव पार्ट-2 थाना पल्ला जिला फरीदाबाद को मेवला महाराजपुर रेलवे ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है।

### आरोपी दिलीप ने संगीता के साथ 2011 में प्रेम विवाह किया था

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिलीप ने संगीता के साथ वर्ष 2011 मे लव मैरिज की थी। वर्ष 2022 से आरोपी का उसकी पत्नी के साथ विवाद हो गया था। जिस संबंध में तलाक व खर्चे का मामला दिल्ली कार्ट में चला हुआ था। आरोपी ने शिव एन्क्लेव पार्ट-1 में एक 80 गज का प्लांट अपनी पत्नी के नाम पर लिया था। उसकी पत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर मकान, प्लॉट पर अपना कब्जा कर लिया था और आरोपी को प्लाट, मकान से बाहर निकाल दिया था। इसी की रंजिश रखते हुए उसने 20 फरवरी को अपनी पत्नी पर तीन रॉउड फायर कियेए जिससे उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजीत सिंह शाही, पताः** सी–2/241, जनकपुरी, नई दिल्ली ने **मुकदमा सं. 1270/2020, U/s 138 NI ACT, थानाः कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत सिंह शाही** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत सिंह शाही** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **मुकदमा सं. 1270/2020, U/s 138 NI ACT, थानाः कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजीत सिंह शाही** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (उत्तर पश्चिम)**
**कमरा नं. 113, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2749/RD/2026
(Court Matter)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल**

पुलिस लाइन नारनौल में दिनांक 07 मार्च शनिवार को सुबह 11 बजे उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, नारनौल की देखरेख में (पुलिस लाइन नारनौल में 19 सफेदे के पेड़) पुलिस लाइन नारनौल में सफेदे के पेड़ों को हटाने के लिए बोली लगाई जाएगी। पुलिस लाइन नारनौल में सफेदे के 16 हरे पेड़ और 2 सूखे पेड़ व पुलिस लाइन नारनौल स्थित मंदिर में सफेदे के 1 सूखे पेड़ को हटाने की बोली लगाई जाएगी। पेड़ों की बोली लगाकर खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शनिवार 07 मार्च को सुबह 11:00 ए.एम. पर पुलिस लाइन नारनौल में पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोली के लिए सिक्योरिटी राशि 1 लाख रूपए जमा करानी होगी। अन्य नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर- 9728774629 पर संपर्क करें।

पीआरडीएच 1084/11/4532/2026/43488/88/7 दि. 03.03.2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक | वर्ष 2026-27 और 2027-28 हेतु चार्टर्ड अकाउंटेंट की सेवाएं किराये पर लेने के लिए दर अनुबंध (रोहतक)। | 09.03.2026 09.04.2026 | ईएमडी रु..2,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015924543 cof@uhsr.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43507/I/88/7 दि. 03.03.26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84**
**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरिफ उर्फ अब्दुल खालिद पुत्र** अमीरुल गनी, **निवासी** मोहल्ला कस्बा, पुलिस स्टेशन, उझानी जिला, बांडौ, उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 143/2019, U/S 25/54/59 IPC, पुलिस स्टेशन दरियागंज, सेंट्रल जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ अब्दुल खालिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त करमवीर उर्फ दीपक फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 143/2019, U/S 25/54/59 IPC, पुलिस स्टेशन दरियागंज, सेंट्रल जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ अब्दुल खालिद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. राजकुमार सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, (सेंट्रल) जिला,**
**कमरा नं0–241, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2656/CD/2026
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### पवन सिंह पर भाजपा मेहरबान नहीं

**पटना।** बिहार के विधानसभा चुनाव में हाई वोल्टेज प्रचार कर चुके भोजपुरी फिल्मों के 'पावरस्टार'



पवन सिंह की राजनीतिक पारी पावर कट का शिकार हो गई है। सांसद बनकर नई पारी शुरू करने का उनका मंसूबा एक बार फिर ध्वस्त हो गया है। भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए बिहार की 5वीं सीट पर सहयोगी दल आरएलएम के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को फिर लड़ाने का ऐलान कर दिया है।

### राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सीएम को लिखा पत्र

**लखनऊ।** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्टिकल व्यवस्था




के चलते गर्मी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी हो सकती है। जिन शहरों में वर्टिकल व्यवस्था लागू की गई है वहां के हालात मार्च के पहले ही सप्ताह में खराब हैं। उन्होंने सीएम को पत्र भेजकर उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखने की मांग की है। कहा, वर्टिकल व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान हैं।

### देवघर से 11 साइबर अपराधी गिरफ्तार



**देवघर।** साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी सौरभ के आदेश पर साइबर थाना टीम ने छापेमारी कर 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पाथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत सरहैता जंगल में की गई।

## पेज एक का शेष

### ईरान के राष्ट्रपति..

पर हमला किया और उन्हें खत्म कर दिया। ईरान के नए रक्षा मंत्री सैयद माजिद अब अल-रेज़ा हमले में मारे गए हैं। इजरायली मीडिया ने इसका दावा किया गया है। उन्होंने दो दिन पहले ही ईरान के रक्षा मंत्री का पद संभाला था, जिसके 48 घंटे बाद ही उनके मारे जाने की खबर सामने आई है।

### संप्रभुता का उल्लंघन ...

समुदाय की सुरक्षा, कल्याण सुनिश्चित करने के लिए शेख अल थानी के निरंतर समर्थन और चिंता के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी अंदाज में पीएम ने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-सबाह के साथ हुई वार्ता में भारत के पक्ष को रखा।

**निरंतर राजनयिक संपर्क पर दिया जोर :** उन्होंने एक अन्य पोस्ट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से टेलीफोन पर हुई चर्चा की जानकारी दी और कहा कि मैंने सुल्तान तारिक के साथ पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बने हुए हालिया घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए लगातार राजनयिक संपर्क जरूरी है। मैंने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की निंदा की है। साथ ही भारतीय समुदाय को ओमान द्वारा दिए जा रहे निरंतर समर्थन की गहरी सराहना की है।

### संघर्ष से अर्थव्यवस्था .....

गंभीर परिणामों का खतरा है। इलाके का एक निकट पड़ोसी देश होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में हमारी अहम भूमिका के साथ भागीदारी है। लेकिन यह पूरा घटनाक्रम भारत के लिए अत्यंत चिंताजनक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 मार्च को जारी एक आधिकारिक बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

**जहाजों पर हमले में मारे गए भारतीय :** उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार बदलती परिस्थिति पर केंद्र की कड़ी निगाह रहेगी और राष्ट्रीय हित में सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। सरकार इस क्षेत्र की सरकारों और अन्य साझेदारों के साथ संपर्क में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने समकक्षों के साथ लगातार बातचीत की है। हालिया दिनों में हमने न केवल इस विवाद को बुरी तरह से गहराते हुए देखा है। बल्कि इसके पश्चिम-एशिया के बाकी देशों में विस्तार के भी हम गवाह रहे हैं। विनाश के साथ-साथ लोगों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम-जनजीवन के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। रणधीर ने कहा, यह हमारा ही देश है, जिसके नागरिकों की वैश्विक कार्यबल में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत व्यापारिक जहाजों पर हमले का कड़ा विरोध करता है। बीते दिनों में ऐसे हमलों में कुछ भारतीयों की जान चली गई है। जबकि कुछ लापता भी हुए हैं। सभी मृतकों के संबंध में हम अपनी ओर से गहरा दुख जताते हैं।

**1 करोड़ भारतीयों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता :** अकेले खाड़ी क्षेत्र में भारत के कुल करीब 1 करोड़ नागरिक रहते और काम करते हैं। जिनकी सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम ऐसी किसी सूचना से अंजान बने नहीं रह सकते। जो उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हो। रणधीर जायसवाल के मुताबिक, तनाव से प्रभावित देशों में भारत के तमाम दूतावास और वाणिज्य दूतावास मिलकर अपने नागरिकों और सामुदायिक संगठनों के साथ निकट संपर्क रखते हुए उन्हें आवश्यकतानुसार जरूरी परामर्श जारी कर रहे हैं। संघर्ष में फंसे हुए लोगों को भी इन्होंने तत्काल जरूरी मदद प्रदान की है। दोनों मौजूदा संघर्ष से संबंधित तमाम पहलुओं का हल निकालने में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

**रमजान के महीने में गंभीर होते हालात :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने पिछले महीने के अंत में 28 फरवरी को इस संघर्ष की शुरुआत के साथ ही अपनी ओर से गंभीर चिंता जताई थी। आज भी हम सभी पक्षों से धैर्य और संयम के साथ आक्रामकता से परहेज करते हुए नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हैं। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि रमजान के पवित्र महीने में क्षेत्र के हालात काफी तेजी के साथ खराब हुए हैं।

### रक्षा मंत्रालय 5,083...

यह जानकारी दी है।

**तटरक्षकबल को 'बॉय' श्रेणी से मिलेंगे हेलीकॉप्टर:** 6 एएलएच मार्क-3 हेलीकॉप्टरों की खरीद के लिए मंत्रालय ने बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एएलएच) के साथ 2 हजार 901 करोड़ रुपए का समझौता किया है। इससे जुड़े पैकेज में हेलीकॉप्टरों के रणनीतिक भूमिका वाले उपकरण, इंजीनियरिंग सहयोग पैकेज और प्रदर्शन आधारित लॉजिस्टिक्स सहयोग सिस्टम शामिल रहेगा। खरीद की प्रक्रिया को मंत्रालय द्वारा तय की गई रक्षा खरीद की 'बॉय श्रेणी' (इंडियन-इंडीजीनयसली डिजाइन डेवलप एंड मैन्युफैक्चर्ड) के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा।

**200 एमएसएमई देंगे उपकरण :** हेलीकॉप्टर परियोजना के लिए उपकरणों की सप्लाई 200 से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्योगों (एमएसएमई) के द्वारा की जाएगी। जबकि इनके निर्माण कार्य के दौरान लगभग 65 लाख मानव दिवस का रोजगार उत्पन्न होगा। यह समझौता आत्मनिर्भर भारत अभियान और मेक इन इंडिया को लेकर बनी हुई सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत करता है। साथ ही इससे देश के समुद्री सुरक्षा ढांचे को भी और अधिक मजबूती मिलेगी।

### 2,182 करोड़ में होगी ...

खतरों के खिलाफ समुद्री क्षेत्र में मारक क्षमता में वृद्धि होगी। मिसाइल नौसेना और उसके प्लेटफार्म को बहुस्तरीय हवाई रक्षा ढांचा प्रदान करेगी। 'Shtil' सभी मौसम में लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम होगी। साथ ही इससे त्वरित जवाबी कार्रवाई के अलावा जटिल समुद्री माहौल में नौसेना को बेहतर सुरक्षा कवच मिलेगा। मंत्रालय ने ये भी कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच समय की हर कसौटी पर खरी उतरी रक्षा साझेदारी का एक बेहतरीन प्रमाण प्रस्तुत करता है। जिसकी नींव आपसी विश्वास और सामरिक गठबंधन की बुनियाद पर टिकी हुई है।

### एयरफील्ड, जहाज दोनों ...

समुद्र में तैनात बल के किसी जहाज से भी ये आसानी से उड़ान भर सकेंगे। हेलीकॉप्टर की तैनाती से तटरक्षकबल की रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। जिससे वह कृत्रिम द्वीपों, अपतटीय संस्थानों, मछुआरों और समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर बनी हुई अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन कर करेगा।

### सीबीएसई ने की खाड़ी ...

के लिए नई तारीखों के साथ कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। साथ ही 5 मार्च को बोर्ड पुनः स्थिति की समीक्षा करेगा और उसके साथ ही 7 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के संबंध में जरूरी निर्णय लिया जाएगा।

**स्कूलों से संपर्क में रहें छात्र:** सीबीएसई ने ये भी स्पष्ट किया है कि उसका यह आदेश पूर्व में 1 मार्च को जारी किए गए सकुर्लर का ही एक विस्तारित भाग है। जिसके जरिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वो अपने स्कूलों के लगातार संपर्क में बने रहें और भावी घोषणाओं के संबंध में आधिकारिक माध्यमों पर भी नजर बनाए रखें। गौरतलब है कि पहले बोर्ड ने उक्त देशों में 2 और 3 मार्च 2026 को होने वाली परीक्षाओं को टाल दिया था। इसके अलावा ये भी कहा था कि उसका यह कदम केवल मध्य-पूर्व क्षेत्र के स्कूलों पर ही लागू होगा।

### लोकसभा अध्यक्ष ने ...

गणपत सावंत (शिव सेना (यूबीटी), जगदीश शेट्टार (भाजपा), मनीष तिवारी (कांग्रेस) और धर्मेंद्र यादव (समाजवादी पार्टी) शामिल हैं। विशेषाधिकार समिति संसद सदस्यों के विशेषाधिकारों की रक्षा करने, अवमानना की शिकायतों का समाधान करने और संसदीय कार्यवाही की गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गठन विधायी निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक नियमित लेकिन महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। यह समिति अध्यक्ष द्वारा संदर्भित मामलों की जांच करने और विशेषाधिकार हनन के आरोपों से संबंधित मामलों पर रिपोर्ट देने के लिए जिम्मेदार होगी, जिससे संसदीय मर्यादा का पालन सुनिश्चित हो सके।

### मध्य पूर्व में फंसे हुए ...

फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने कहा, "बहुत से महत्वपूर्ण रूट बंद कर दिए गए हैं, जिससे बड़ी संख्या में यात्री फंस गए हैं। उच्च तनाव वाले क्षेत्रों में फंसे लोगों या आपात स्थिति में घर लौटने के इच्छुक यात्रियों के लिए विशेष राहत एवं निकासी उड़ानों की तत्काल आवश्यकता है।" हवाई टिकटों की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, "उड़ानों की संख्या घटने के कारण कई एयरलाइंस किराए में भारी वृद्धि कर यात्रियों का शोषण कर रही हैं। मैं अनुरोध करता हूं कि इस संकट के दौरान नागरिकों के वित्तीय शोषण को रोकने के लिए इन रूटों पर किराया नियंत्रण लागू किया जाए।" बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी बैठक के दौरान के.आर. नायडू से टेलीफोन पर बातचीत की और राज्य सरकार को बिना देरी के विशेष उड़ानों की व्यवस्था करने की अनुमति देने की अपील की, ताकि पंजाबियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और आवश्यकता पड़ने पर पंजाब को विशेष उड़ानें संचालित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया।" डॉ. रवजोत सिंह ने आगे बताया कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने आश्वासन दिया है कि पंजाब सरकार द्वारा उठाई गई चिंताओं पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पहले से ही इस मुद्दे पर कार्य कर रही है, क्योंकि कई राज्यों के नागरिक खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। एनआरआई मामलों के मंत्री ने खाड़ी देशों से लौटने वाले पंजाबियों की सहायता के लिए आईजीआई हवाई अड्डे पर पंजाब सरकार द्वारा स्थापित सुविधा केंद्र का भी दौरा किया।

### बिहार से भाजपा अध्यक्ष ...

में मंत्री भी थे, लेकिन पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के एक दिन बाद ही उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। अब वे राज्यसभा में दिखाई देंगे। नवीन को राज्यसभा में भेजकर पार्टी उनके राष्ट्रीय कद में इजाफा करना चाहती है।

नितिन नवीन के अलावा शिवेश कुमार को भी बिहार से राज्यसभा भेजने का निर्णय किया गया है। पार्टी में सीटों का जो गणित है, उसके अनुसार इन नेताओं का चुना जाना तय है। असम से तेराश गोवाला और जोगेन मोहन को और छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है। हरियाणा से संजय भाटिया को मैदान में उतारा गया है। ओडिशा से मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को राज्यसभा भेजने की तैयारी है।

## विस चुनाव की याद दिला बोले चिराग पासवान

# प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव राज्यसभा चुनाव भी हारेंगे



एजेंसी ▶▶ पटना

राज्यसभा चुनाव को लेकर बिहार के सियासी गलियारों में हलचल तेज है। 5 सीटों पर होने वाले इस चुनाव में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर इस चुनावी दंगल को और भी दिलचस्प बना दिया है। इस बीच अब लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अगर तेजस्वी राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करेंगे तो उनको यहां भी विधानसभा चुनाव की तरह हार झेलनी पड़ेगी।

### सभी पांच सीटें एनडीए के खाते में जाएंगी

उन्होंने कहा कि राज्यसभा की सभी पांच सीटें एनडीए के खाते में जाएंगी। यह मायने नहीं रखता कि उन सीटों पर एनडीए के किस दल से कौन उम्मीदवार खड़ा होंगे। वे सोमवार को लोजपा (रा) के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की तरफ से आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक दल के नेता राजू तिवारी सहित कई मंत्री, सांसद, विधायक व प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। चिराग ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज कई देश युद्ध का सामना कर रहे हैं। मौके पर कामना करता हूं कि विश्व भर में शांति और खुशी का माहौल स्थापित हो।

## यूपी डीजीपी राजीव की लोगों से अपील

# यूपी पुलिस सुरक्षित और शांतिपूर्ण होली के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में होली पर्व की खुमारी लोगों के सिर चढ़कर बोल रही है। पर्व के उल्लास में लोग दूसरे की सहूलियत का भी ख्याल रखें, इसको लेकर लगातार अपील की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान कहा था कि प्रदेश लोग पर्व को अपने लोगों के साथ मनाएं। लेकिन, अगर कोई पर्व नहीं मनाना चाहता है तो जबर्दस्ती न करें। अब डीजीपी राजीव कृष्ण ने अपील की है कि लोग अपनों के साथ शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाएं। अगर किसी प्रकार की बाधा डालने की कोशिश की गई तो पुलिस हर जगह तैनात की गई है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।





# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style



# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए... होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्योहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्योहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।




***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली। देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।**

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

# हरियाणा प्रदेश में 68 करोड़ से 602 गोशालाओं की बदलेगी सूरत मुख्यमंत्री

■ सोनीपत में राज्य स्तरीय गोशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में सीएम का ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिला सोनीपत के गांव भटगांव में आयोजित राज्य स्तरीय गोशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में प्रदेश की गोशालाओं के सशक्तिकरण के लिए 68 करोड़ 34 लाख की चारा अनुदान राशि जारी की। इससे 602 गोशालाओं की सूरत बदल जाएगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली के पर्व की शुभकामनाएं भी दी। सीएम ने संबोधन में कहा कि गोमाता हमारी संस्कृति, आस्था और संवेदनशीलता की प्रतीक हैं। गोसेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ विषय है। सरकार का उद्देश्य गोशालाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

**गोमाता हमारी संस्कृति आस्था और संवेदनशीलता की प्रतीक**



### गोशालाओं की संख्या में वृद्धि

सीएम ने बताया कि वर्ष 2014 तक प्रदेश में केवल 215 पंजीकृत गोशालाएं थीं, जिनमें लगभग 1 लाख 75 हजार गोवंश का पालन-पोषण हो रहा था। वर्तमान में 697 पंजीकृत गोशालाएं कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 4 लाख बेसहारा गोवंश को आश्रय दिया जा रहा है। यह वृद्धि सरकार की योजनाओं और समाज के सहयोग से संभव हुई है।

### सख्त कानून से गोवंश की सुरक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हरियाणा गौ-वध संरक्षण एवं गौ संवर्धन अधिनियम-2015' के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। इस कानून के तहत गोहत्या और अवैध तस्करी पर सख्त दंड का प्रावधान है। सरकार गोवंश की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### गोशालाओं को अनुदान राशि

मुख्यमंत्री ने बताया कि सोनीपत जिले की 27 पंजीकृत गोशालाओं के लिए 5 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की 602 पंजीकृत गोशालाओं को यह अनुदान दिया जा रहा है, जिससे हजारों गोशालाओं में आश्रय ले रहे गोवंश को चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी। पिछले सवा 11 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत गोशालाओं को 457 करोड़ 41 लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई थी और आज की राशि मिलाकर यह आंकड़ा बढ़कर 525 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक हो चुका है। यह सरकार की गोसंवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### देसी नस्लों को संरक्षण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देसी नस्लों हरियाणा, साहिवाल एवं बेलाही के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। दूध उत्पादन क्षमता के अनुसार 5 हजार से 20 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। 'राष्ट्रीय गोकुल मिशन' के माध्यम से नस्ल सुधार और संरक्षण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इससे देशी नस्लों को लाभ मिलेगा।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दी कृषि एवं विकास योजनाओं की सौगात, 50 एकड़ में स्थापित होगा आदर्श बीज उत्पादन केंद्र

# बड़वानी में आधुनिक सब्जी मंडी से मजबूत होगी कृषि की अर्थव्यवस्था

## राजकीय गरिमा के साथ मनाया गया भगोरिया पर्व, जुलवानिया भगोरिया हाट में उड़ा उल्लास और परंपरा का रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है। पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं। पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं। ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है। जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है। इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है।

यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी जिले के जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में कही। उन्होंने कहा कि बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला। मुख्यमंत्री जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के आगमन से पूरा हाट परिसर उत्साह, रंग और पारंपरिक उल्लास से सराबोर हो गया। जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्यमंत्री ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से सूखे खेतों तक पानी पहुंचा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ का क्षेत्र, मां नर्मदा के आशीर्वाद से समृद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल प्रबंधन एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से सूखे खेतों तक पानी पहुंचा है। फसलें लहलहा रही हैं। यहां विविध प्रकार की फसलें, फल और सब्जियों का उत्पादन हो रहा है। प्राकृतिक खेती को भी किसान उत्साहपूर्वक अपना रहे हैं, जिसके कारण बड़वानी जिले के फल एवं सब्जियों की मांग देश-विदेश में बनी हुई है। अब लक्ष्य है कि फसल को खेत से कारखाने तक पहुंचाया जाए। फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया जाए।

### भावांतर भुगतान योजना में सोयाबीन पर 1,500 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया के आनंद और बड़वानी की उन्नत कृषि को सम्मान देने के उद्देश्य से कृषि कैबिनेट का आयोजन किया गया, जिसमें किसान कल्याण वर्ष की पहली कैबिनेट में 27,500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के निर्णय लिए गए। किसानों के हित में भावांतर भुगतान योजना में सोयाबीन पर 1,500 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 1,500 रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर समान अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है। इसके विस्तार के लिए कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के साथ आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना की जाएगी। जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल एवं वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से हजारों हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी और जनजातीय किसानों को सीधा लाभ होगा। खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए 25 किसानों को अन्य राज्यों में प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा। बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 50 एकड़ क्षेत्र में आदर्श बीज उत्पादन केंद्र स्थापित किया जाएगा।

### प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, उत्सवधर्मिता और जीवन के प्रति आनंदमयी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है, जिससे जीवन में उल्लास और सामूहिकता बनी रहे। पूर्वजों की ओर से स्थापित यह आनंदमयी परंपरा आज भी जीवंत है। सदियों से भगोरिया पर्व इस क्षेत्र में हर्ष, उमंग और लोक जीवन की ऊर्जा का प्रतीक बना हुआ है।

**सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बसंत और रंगों के पर्व होली की मंगलकामनाएं**

## लोक संस्कृति के सम्मान के लिए भगोरिया पर्व पर बड़वानी में आयोजित की गई कृषि कैबिनेट

**देश का फूड बास्केट है मध्यप्रदेश, परीक्षा के समय में तनावमुक्त रहें विद्यार्थी**

**मध्य पूर्व की क्षेत्रीय स्थिति में राज्य सरकार वहां रह रहे प्रदेश के परिवारों के साथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना की कि बसंत और रंगों का यह उत्सव सभी के लिए शुभ और कल्याणकारी हो। उन्होंने कहा कि आज भगोरिया पर्व का भी आखिरी भगोरिया है। राज्य सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। पर्व के समय जनजातीय भाई बहनों के साथ रहने और लोक संस्कृति के सम्मान के प्रकटीकरण के लिए पहली कृषि कैबिनेट बड़वानी में सोमवार को आयोजित की गई है। राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने के लिए भावांतर योजना में अब सरसों को भी शामिल किया जा रहा है। उड़द प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अब किसानों को उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा।

### सीएम व मंत्रियों ने की भीलट देव से समृद्धि की कामना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को निमाड़-मालवा के लोक देवता भीलट देव का दर्शन कर प्रदेश के किसानों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। किसान कल्याण वर्ष में बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में आयोजित कैबिनेट बैठक के पहले दर्शन लाभ लेने के बाद सतपुड़ा की पहाडी पर विराजित लोक देवता के रमणीय स्थल की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में होंगी विभिन्न गतिविधियां

**भोपाल।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 04 मार्च से 10 मार्च तक देशभर में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत 04 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में होगी। इस अभियान का शुभारंभ वर्ष 1972 में औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कार्यस्थलों एवं सार्वजनिक जीवन में सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था।

वर्ष 2026 में यह महत्वपूर्ण अभियान अपने 55वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। समय के साथ यह पहल व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए एक प्रभावी राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है, जिसमें औद्योगिक प्रतिष्ठान, श्रमिक संगठन, शासकीय विभाग एवं नियामक संस्थाएँ सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में तकनीकी विस्तार एवं जटिल कार्य प्रक्रियाओं के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबंधन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82250083C | इंजेक्शन पेम्ब्रोलिजुमब 100 मि.ग्रा. | 65 नग | 27.03.2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं
दिनांक : 03.03.2026 723/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | DEN/IV के अधीन ADEN/ROK एवं ADEN/JHI के सेक्शन में ठेकेदार की स्वयं की SQRS मशीन द्वारा TSR (P)–20 TKM का निष्पादन। (निविदा संख्या-NIT-132-25-26-W-IV) |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 3,96,83,505.76/- |
| 3. | धरोहर राशि | Rs. 3,48,500/- |
| 4. | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय & ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 11.03.2026 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई–निविदा खुलने का दिनांक 25.03.2026 को 15:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/2025-26/डब्लू–IV दिनांक:– 03.03.2026 727/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मौके पर पहुंची सिविल लाइंस पुलिस, बारीकी से की जांच




## पासपोर्ट सेवा केन्द्र रायपुर को बम से उड़ाने की धमकी

**रायपुर।** पासपोर्ट सेवा केंद्र रायपुर को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। मामला सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धमकी और अफवाह फैलाने समेत विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह पासपोर्ट विभाग की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक संदेश प्राप्त हुआ। मेल भेजने वाले ने खुद को तमिलनाडु का निवासी बताते हुए लिखा कि उसकी शिकायतों पर न तो पुलिस ध्यान दे रही है और न ही उसे न्यायालय से राहत मिल रही है, जिससे वह बेहद परेशान है। इसी मेल में उसने दोपहर तक कार्यालय को 12 बमों से उड़ाने की धमकी दी थी।

## डीएमए ने एचपीवी अभियान का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण से होने वाला सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में पाए जाने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है। विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर एचपीवी टीकाकरण इस गंभीर बीमारी की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। 14 वर्षीय बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक कदम है, जो आने वाले वर्षों में सर्वाइकल कैंसर की दर को उल्लेखनीय रूप से कम करने में सहायक सिद्ध होगा। डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) लंबे समय से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पोस्टर अभियान, जागरूकता वीडियो, वेबिनार के माध्यम से डीएमए निरंतर समाज को यह संदेश देता रहा है कि "रोकथाम ही सर्वोत्तम उपचार है।" सरकार की यह पहल डीएमए के प्रयासों को नई दिशा और मजबूती प्रदान करती है। डीएमए ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक सराहनीय एवं जन-स्वास्थ्य के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया है। डीएमए का मानना है कि यह निर्णय देश की लाखों बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोग से सुरक्षा प्रदान करेगा और महिला स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अभियान का नेतृत्व डीएमए की नेशनल वूमेन विंग सेक्रेटरी डॉ. प्रियांशु शर्मा कर रही हैं। उनके साथ डॉ सागरिका रिठालिया, डॉ आस्था सिंह चौहान एवं डॉ मनिका शर्मा सक्रिय रूप से इस जागरूकता अभियान को आगे बढ़ा रही हैं।



## शराब पीकर वाहन चलाना 130 वाहन चालकों को पड़ा मंहगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

होली के मद्देनजर राजधानी में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक अभियान चलाया। देर शाम से रात तक चले विशेष ड्राइव में 130 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश में चलाया गया। शहर के सभी यातायात थाना क्षेत्रों में कुल 42 चेकिंग पॉइंट स्थापित किए गए, जहां ब्रीथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चालकों की जांच की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्तों और यातायात टीमों ने मोर्चा संभाला। जांच के दौरान 39 कार चालक, 73 मोटरसाइकिल सवार, 3 ट्रक चालक तथा 15 टाटा एस पिकअप और ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी मामलों में मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए वाहनों को यातायात मुख्यालय परिसर और संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के अनुसार होली के बाद सभी प्रकरण न्यायालय में पेश किए जाएंगे, जहां प्रत्येक मामले में 10,000 से 15,000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मेहकुल हसन उर्फ़ जौल** पुत्र ज़ाकिर अली, निवासी फ्लैट नंबर 317, सेक्टर-10, पॉकेट-2, नरेला, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 982/2015 धारा 279/337 भा.द.स, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मेहकुल हसन उर्फ़ जौल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मेहकुल हसन उर्फ़ जौल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मेहकुल हसन उर्फ़ जौल, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 982/2015 धारा 279/337 भा.द.स, थाना निहाल विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कमरा नंबर 19, पहली मंज़िल, शाहदरा ज़िला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/2712/NE/2026

### मुख्यमंत्री ने नागलवाड़ी में प्रबुद्धजनों से किया आत्मीय संवाद

# ग्रामीण प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए दी जाएगी हर संभव मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नागलवाड़ी में आयोजित पहली कृषि कैबिनेट के अवसर पर बड़वानी जिले के प्रबुद्धजनों से भेंट की। उन्होंने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, बड़वानी जिले के नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों के अनुभव सुने और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से भेंटकर कहा कि सरकार महिलाओं, ग्रामीणों, किसानों, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मदद उपलब्ध करा रही है। बड़वानी जिले के ग्राम भागसुर की सीमा नरगावे ड्रोन दीदी ने निमाड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने जैविक खेती और ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लिया। अब वह अन्य महिलाओं को जैविक खेती करना सिखा रही है। ड्रोन दीदी सीमा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर उसकी आय में वृद्धि तो हुई ही है, साथ ही उसे एक नई पहचान भी मिली है। सीमा ने बताया कि वह गांव में ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव करती है जिससे घंटों का काम अब मिनिटों में होने लगा है और उसे नियमित रूप से आय भी प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करते हुए हॉकी की नेशनल खिलाड़ी स्नेहा मोहनिया ने बताया कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर 2 गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल मिल चुका है। स्नेहा ने मुख्यमंत्री से बड़वानी में एस्ट्रो-टर्फ की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एयर राइफल शूटिंग की नेशनल खिलाड़ी जुलवानिया निवासी वैष्णवी महुले से भी चर्चा की। उन्होंने वैष्णवी को राज्य स्तर की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण दिलाने के लिए निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने जुलवानिया में शूटिंग क्लब प्रशिक्षण केंद्र संचालन कर रहे प्रशिक्षक नीरज को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि बालिकाओं की ट्रेनिंग के सराहनीय कार्य के लिए देने की घोषणा भी की।

## भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने दी



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने सोमवार को अशोकनगर जिले के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताज जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश पुत्रः मोहन लाल पताः जी–476, जहांगीरपुरी, दिल्ली और झुग्गी नं. जी–475, जी ब्लॉक जहांगीरपुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 1209/21, धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः महेन्द्रपार्क, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 1209/21 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थानाः महेन्द्र पार्क, दिल्ली के उक्त मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अमरदीप कौर**
**एसीजेएम जिला रोहिणी, कमरा नं.117**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
DP/2678/NW/2026

## चिंतन

# बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करेगी भारत-कनाडा डील

भारत और कनाडा के बीच हालिया समझौतों ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा दी है। विशेष रूप से 10 वर्ष के संभावित यूरेनियम आपूर्ति समझौते ने ऊर्जा सुरक्षा, सामरिक सहयोग और आर्थिक साझेदारी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी के कारण भारत में ऊर्जा की मांग लगातार ऊंचाई पर है। ऐसे में विश्व के प्रमुख यूरेनियम उत्पादकों में शामिल कनाडा के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता भारत की परमाणु ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को मजबूती देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के बीच हुई वार्ता ने स्पष्ट किया कि दोनों देश केवल व्यापारिक लेन-देन तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि रणनीतिक विश्वास को भी गहराई देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता का प्रतीक बताया। यह वक्तव्य केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों की साझा प्राथमिकताओं का संकेत है। भारत की ऊर्जा नीति में परमाणु ऊर्जा की भूमिका लगातार बढ़ रही है। कोयले पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परमाणु ऊर्जा एक स्थिर और कम-कार्बन विकल्प प्रदान करती है। 2013 में लागू हुए परमाणु सहयोग समझौते के बाद कनाडा से यूरेनियम आपूर्ति शुरू हुई थी। अब प्रस्तावित 3 अरब डॉलर का दीर्घकालिक समझौता इस सहयोग को अगले दशक तक स्थिरता देगा। इससे भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को निरंतर ईंधन उपलब्ध होगा और उत्पादन क्षमता में विस्तार संभव होगा। कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। ऐसे में उसकी आपूर्ति क्षमता विश्वसनीय मानी जाती है। भारत के लिए यह समझौता केवल ऊर्जा का प्रश्न नहीं, बल्कि रणनीतिक विविधीकरण का भी हिस्सा है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को देखते हुए भारत का दीर्घकालिक अनुबंध करना दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। हालांकि यह साझेदारी केवल यूरेनियम तक सीमित नहीं है। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग भी इस संबंध का महत्वपूर्ण आयाम है। समुद्री क्षेत्र जागरूकता, सैन्य आदान-प्रदान और रक्षा उद्योगों में साझेदारी का निर्णय दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। भारत दालों का बड़ा उपभोक्ता है और कनाडा प्रमुख निर्यातक। अनुसंधान, उत्पादकता और आपूर्ति श्रृंखला के आधुनिकीकरण में सहयोग से दोनों देशों को लाभ होगा। शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में संभावनाएं भी व्यापक हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय छात्र कनाडा में अध्ययन करते हैं। फिर भी, इस साझेदारी की सफलता केवल समझौतों पर निर्भर नहीं करेगी। इसे जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना, पारदर्शिता बनाए रखना और आपसी संवेदनशील मुद्दों को संवाद से सुलझाना आवश्यक होगा। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और रणनीतिक संतुलन इन तीनों के संगम पर खड़ा यह समझौता भारत और कनाडा के रिश्तों को नई दिशा देता है। यदि यह सहयोग तय लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ता है, तो न केवल भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग पूरी होगी, बल्कि दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच भरोसे का एक स्थायी सेतु भी निर्मित होगा। यही इस समझौते की वास्तविक उपलब्धि होगी।



इज़राइल-ईरान युद्ध
डॉ. घनश्याम बादल

> अमेरिका और इज़राइल के लिए ईरान केवल एक देश नहीं, बल्कि ऐसी शक्ति संरचना है जो उनके प्रभुत्व वादी ढांचे को चुनौती देती है, उनकी भू-राजनीतिक रणनीति को असहज करती है और उनकी वैश्विक व्यवस्था के लिए वैचारिक ख़तरा बन लगती है। ईरान के विरुद्ध इस आक्रामकता की जड़ें तो स्वार्थपरक राजनीति में हैं, लेकिन उसकी शाखाएं अर्थव्यवस्था, समाज और वैश्विक शक्ति-संतुलन तक फैली हुई हैं। यदि यह युद्ध नहीं रुका, तो इतिहास इसे एक और ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज करेगा, जहां मानवता ने विवेक के बजाय वर्चस्व को चुना, संवाद के बजाय हथियारों को और न्याय के बजाय शक्ति को।

# विचार, वर्चस्व व संप्रभुता का खूनी संघर्ष

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले आज की वैश्विक राजनीति का वह क्रूर चेहरा है, जहां 'शक्ति ही नीति' है और नीति नैतिकता का स्थान ले चुकी है। अमेरिका और इज़राइल के लिए ईरान केवल एक देश नहीं, बल्कि ऐसी शक्ति संरचना है जो उनके प्रभुत्व वादी ढांचे को चुनौती देती है, उनकी भू-राजनीतिक रणनीति को असहज करती है और उनकी वैश्विक व्यवस्था के लिए वैचारिक ख़तरा बन लगती है। ईरान के विरुद्ध इस आक्रामकता की जड़ें तो स्वार्थपरक राजनीति में हैं, लेकिन उसकी शाखाएं अर्थव्यवस्था, समाज और वैश्विक शक्ति-संतुलन तक फैली हुई हैं।

ईरान ने पश्चिमी वर्चस्व को स्वीकार करने से इनकार किया है। उसने न केवल अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता को सर्वोपरि रखा, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी स्वयं को एक वैकल्पिक शक्ति-केंद्र के रूप में स्थापित करने की कोशिश की। यह वही 'प्रतिरोध की धुरी' है, जो अमेरिकी-इज़राइली प्रभाव क्षेत्र को सीधी चुनौती देती है। वैचारिक धरातल पर इज़राइल के लिए यह चुनौती अस्तित्व का प्रश्न है, क्योंकि ईरान न केवल उसकी नीतियों का विरोध करता है, बल्कि उसके प्रभुत्व को भी अस्वीकार करता है। जबकि अमेरिका के लिए यह टकराव इससे भी ज़्यादा मायने रखता है क्योंकि ईरान उसकी वर्ल्ड लीडर की भूमिका, सैन्य-संधि व्यवस्था और आर्थिक एकाधिकार के लिए सीधी चुनौती है। निर्विवाद रूप से ईरान ऊर्जा संसाधनों की दृष्टि से एक वैश्विक शक्ति है। तेल और गैस के विशाल भंडार, फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर रणनीतिक प्रभाव, और वैकल्पिक ऊर्जा व्यापार मार्गों की संभावनाएं,ये सभी वैश्विक पूंजी के समीकरणों को प्रभावित करती हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों की नीति हमेशा से रही है कि वैश्विक ऊर्जा प्रवाह उनके नियंत्रण में रहे, इसके विपरीत, ईरान रूस और चीन जैसे देशों के साथ मिलकर एक वैकल्पिक आर्थिक धुरी खड़ी करने की कोशिश करता रहा है, जो डॉलर आधारित वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देती है इसीलिए यह संघर्ष केवल बम और मिसाइलों का नहीं है, मुद्रा, बाजार, व्यापार मार्ग और संसाधनों के नियंत्रण का भी युद्ध है।

सामाजिक स्तर पर यह टकराव पश्चिमी आधुनिकता बनाम इस्लामी-सांस्कृतिक स्वायत्तता का संघर्ष है। ईरान जिस सामाजिक मॉडल को अपनाता है, वह पश्चिमी उदार लोकतांत्रिक ढांचे से भिन्न है। यह भिन्नता जीवन-दृष्टि, और सांस्कृतिक पहचान की है। इसलिए यह युद्ध एक वैचारिक युद्ध भी है, जहां मीडिया, सूचना, प्रचार और मनोवैज्ञानिक दबाव भी हथियार बन रहे हैं। बेशक, अमेरिका और इजराइल बहुत ताकतवर हैं लेकिन सामरिक दृष्टि से ईरान को कमज़ोर आंकना ऐतिहासिक भूल होगी।

प्रत्यक्ष सैन्य शक्ति में अमेरिका और इज़राइल तकनीकी रूप से भले ही आगे हों, लेकिन ईरान की असीमित युद्ध क्षमता उसे अत्यंत प्रभावी बनाती है। मिसाइल तकनीक, ड्रोन नेटवर्क, साइबर युद्ध क्षमता और क्षेत्रीय सहयोगी समूह उसे एक ऐसे देश के रूप में स्थापित करते हैं जो पारंपरिक युद्ध के नियमों से नहीं,



बल्कि नेटवर्क आधारित युद्ध से लड़ता है। यही कारण है कि यह संघर्ष किसी निर्णायक युद्ध में बदलने के बजाय एक लंबे, थकाऊ और व्यापक अस्थिरता के रूप में फैलने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। बीते समय में आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरानी समाज को कमजोर किया है, महंगाई और बेरोज़गारी ने असंतोष को जन्म दिया है, लेकिन बाहरी हमलों ने एक विरोधाभासी स्थिति भी पैदा की है-जहां सत्ता के प्रति आलोचना के बावजूद राष्ट्र के प्रति निष्ठा मजबूत होती है। बाहरी ख़तरा समाज को विभाजित करने के बजाय एक प्रकार की राष्ट्रीय एकजुटता पैदा करता है, जो सत्ता को वैधता भी देता है और विरोध को सीमित भी करता है।

अब तक इस संघर्ष में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई सहित कई बड़े सैन्य और रणनीतिक नेतृत्वकर्ता मारे जा चुके हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा और वैज्ञानिक कार्यक्रमों से जुड़े प्रमुख नाम, और क्षेत्रीय अभियानों के योजनाकार टकराव की भेंट चढ़ चुके हैं। ईरान विरोधी ताकतों की एक रणनीति है नेतृत्व, ज्ञान और संरचना को तोड़ने की नीति, ताकि ईरान की दीर्घकालिक सामरिक क्षमता कमजोर हो सके। वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव दूरगामी और विनाशकारी हैं। ऊर्जा बाज़ार में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक मुद्रास्फीति का दबाव, विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर संकट और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों की अनिश्चितता इस संघर्ष के प्रत्यक्ष परिणाम होंगे। यह युद्ध दुनिया को स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बांट रहा है। एक ओर अमेरिका-इज़राइल और उनके सहयोगी हैं, दूसरी ओर ईरान के साथ सहानुभूति रखने वाली शक्तियां हैं। अभी तक रूस और चीन इस संघर्ष में प्रत्यक्ष भागीदार नहीं हैं, लेकिन रणनीतिक रूप से गहराई से जुड़े हैं, क्योंकि ईरान की स्थिरता उनके भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों से जुड़ी है। तुर्की, सऊदी अरब और खाड़ी देशों के लिए यह युद्ध क्षेत्रीय संतुलन को अस्थिर करने वाला कारक है।

भारत पर ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, समुद्री मार्गों और प्रवासी नागरिकों के माध्यम से युद्ध का गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह संघर्ष यदि रोका नहीं गया, तो यह केवल मध्य-पूर्व का संकट नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक संकट में बदल जाएगा। यह एक ऐसी आग है, जो धीरे-धीरे पूरे अंतरराष्ट्रीय तंत्र को अपनी चपेट में ले सकती है। युद्ध का विस्तार केवल भौगोलिक नहीं होगा, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर पूरी दुनिया को अस्थिर करेगा। संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों की भूमिका अब बेमानी बन चुकी है। वास्तविक आवश्यकता है एक नई वैश्विक राजनीतिक इच्छा-शक्ति की, जहाँ संवाद को युद्ध से ऊपर रखा जाए, संतुलन को प्रभुत्व से ऊपर और सह-अस्तित्व को वर्चस्व से ऊपर। प्रतिबंधों की राजनीति, सैन्य दबाव और रणनीतिक घेराबंदी ने अब तक केवल हिंसा को जन्म दिया है, समाधान नहीं। यह संघर्ष केवल ईरान, अमेरिका या इज़राइल का प्रश्न नहीं, वैश्विक नैतिकता का प्रश्न है।

यह उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का आईना है, जहां ताकतवर देशों के लिए युद्ध नीति है और कमज़ोर देशों के लिए नियति। यदि यह युद्ध नहीं रुका, तो इतिहास इसे एक और ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज करेगा, जहां मानवता ने विवेक के बजाय वर्चस्व को चुना, संवाद के बजाय हथियारों को और न्याय के बजाय शक्ति को। यही वक्त है जब दुनिया को तय करना होगा कि वह शक्ति की राजनीति के साथ चलेगी या शांति की राजनीति के साथ और यदि यह चुनाव अब नहीं हुआ, तो भविष्य में विकल्प ही नहीं बचेगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आह्वान
डॉ. मार्कण्डेय आहूजा



# टूटते परिवारों के बीच संस्कारों की पुकार

आज जब दुनिया तेज़ी से हर क्षण बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन को सरल बना रही है और सुख सुविधाएं बढ़ रही हैं, तब एक प्रश्न गंभीरता से हमारे सामने खड़ा है कि क्या हमारा परिवार उतना ही सशक्त हो रहा है जितना हमारा बाहरी विकास? आर्थिक प्रगति, शहरीकरण, स्मार्ट सिटी और डिजिटल जीवनशैली के बीच भारतीय समाज की मूल इकाई; हमारा परिवार धीरे-धीरे संवादहीनता, संवेदनहीनता, पीढ़ियों की दूरी और संस्कारों के क्षरण का सामना कर रहा है। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पंच परिवर्तन में से एक "कुटुम्ब प्रबोधन" का होना केवल सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आह्वान है और इस दिशा में यदि कोई कालजयी मार्गदर्शक है तो वह है भगवद् गीता। कुटुम्ब प्रबोधन का प्रथम सूत्र है; अधिकार से पहले कर्तव्य। गीता का सबसे बड़ा संदेश है; कर्तव्य। "कर्मण्येवाधिकारस्ते..." का सिद्धांत केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है; वह गृहस्थ जीवन का भी मूल है।

आज अधिकांश पारिवारिक विवादों की जड़ में "अधिकार" की अपेक्षा है। पति अपेक्षा करता है, पत्नी अपेक्षा करती है, माता-पिता अपेक्षा करते हैं, बच्चे अपेक्षा करते हैं परंतु यदि हर सदस्य अपने अधिकार से पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान दें, तो घर का वातावरण स्वतः संतुलित हो सकता है। कुटुम्ब प्रबोधन का दूसरा सूत्र है; संवाद को जीवित रखना। गीता का संपूर्ण उपदेश संवाद का अद्भुत उदाहरण ही तो है। अर्जुन भ्रमित थे, किंतु उन्होंने प्रश्न पूछे। श्रीकृष्ण ने उन्हें सुना, समझाया, तर्क दिए और अंततः निर्णय का अधिकार भी उन्हीं को सौंपा।



आज परिवारों में सबसे बड़ा संकट संवाद का टूटना है। घर में लोग साथ रहते हैं, पर मन अलग-अलग दिशाओं में भटकते हैं। मोबाइल स्क्रीन ने आमने-सामने बैठकर बात करने की परंपरा को कम कर दिया है। प्रतिदिन कुछ समय ऐसा हो, जब परिवार के सदस्य बिना किसी मोबाइल या अन्य उपकरण के केवल एक-दूसरे से बातचीत करें। तीसरा सूत्र है समभाव यानि हर सदस्य को उसकी विशिष्टता सहित स्वीकार करना। गीता 5.18 में समदृष्टि की शिक्षा दी गई है। विद्वान, साधु, ब्राह्मण, गाय, हाथी; सबमें एक ही आत्मा का दर्शन। यदि यह दृष्टि परिवार में आ जाए तो तुलना की प्रवृत्ति समाप्त हो सकती है। आज भाई-बहन की तुलना, बच्चों की उपलब्धियों की तुलना और आर्थिक स्थिति की तुलना से ईर्ष्या व असंतोष जन्म लेते हैं।

चौथा सूत्र है कि परिवार संस्कारों का प्रथम विद्यालय है और भारतीय इतिहास इस बात का प्रमाण है। शिवाजी मराठा केवल युद्ध कौशल से महान नहीं बने; उनके पीछे माता जिजाऊ के संस्कार थे। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता भुवनेश्वरी देवी की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही। स्पष्ट है कि सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। आज परिवारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं जैसे संयुक्त परिवार का विघटन, पीढ़ियों के बीच वैचारिक दूरी, डिजिटल एवं अन्य व्यसन, और जीवन की तीव्र प्रतिस्पर्धा। गीता इन सबका समाधान; संयम, संतुलन और आत्मचिंतन के माध्यम से देती है। जब व्यक्ति स्वयं को साधता है, तब परिवार सधता है और जब परिवार सधता है, तब समाज संगठित होता है। कुटुम्ब प्रबोधन के व्यावहारिक प्रयोगों में परिवार में सामूहिक प्रार्थना या ध्यान की परंपरा अपनायें। सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक भोजन व खुला संवाद करें। बच्चों को नैतिक साहित्य या गीता का एक श्लोक सिखायें। बड़ों के अनुभवों को सुनें और सम्मान दें। निर्णयों में सभी की सहभागिता रखें।

ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। कुटुम्ब प्रबोधन कोई नारा नहीं है, यह एक जीवन शैली है। यह हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन संसद से नहीं, संस्कार से आता है; नीतियों से नहीं, परिवारों से आता है। भगवद्गीता हमें सिखाती है कि भ्रम की स्थिति में भी संवाद, कर्तव्य और समत्व का मार्ग अपनाया जाए। यदि यह शिक्षा हर घर तक पहुंचे, तो परिवार केवल रहने का स्थान नहीं रहेगा अपितु वह मूल्य निर्माण का केंद्र बनेगा। समय की पुकार स्पष्ट है कि यदि हमें समाज को सशक्त बनाना है तो परिवार को जागृत करना होगा और परिवार को जागृत करने के लिए गीता का प्रकाश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कुरुक्षेत्र में था।

(लेखक प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

## व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## होली मिलन

बिहार के पटना में मंगलवार को होली मिलन समारोह के दौरान भगवान कृष्ण और राधा के रूप में सजे कलाकार प्रस्तुति देते हुए।



## आज की पाती

### बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चल ही रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के लगभग सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं। परीक्षा सीजन में इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*- मुकेश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौते

भारत ने बहुत सारे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। हमारे लिए अवसरों का बहुत बड़ा द्वार खुला है। ऐसे में हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम गुणवत्ता पर कभी भी समझौता न करें।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**



### बेटियों को आर्थिक सुरक्षा

'लखपति बिटिया योजना' और 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार' के जरिए हम बेटियों को आर्थिक सुरक्षा और उनका हक दे रहे हैं। त्योहारों पर फ्री गैस सिलेंडर योजना से गृहिणियों को बचत का उपहार मिल रहा है। वहीं, 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' से उनकी यात्रा सुरक्षित और आसान बनी है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### डोल महोत्सव

भक्ति, संस्कृति और लोकपरंपरा के दिव्य संगम का प्रतीक श्रीश्रीकृष्ण डोल महोत्सव हमारी आध्यात्मिक चेतना की उज्ज्वल अभिव्यक्ति है। पावन बटद्रवा थान में आज होली का यह आध्यात्मिक पर्व मन को गहन आनंद और शांति से भर गया।

**हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### वन्यजीवों का योगदान

प्रकृति में पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता को बनाए रखने में वन्यजीवों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज विश्व वन्यजीव दिवस पर इनके संरक्षण, संवर्धन और प्राकृतिक आवासों की रक्षा का संकल्प लेना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**



## करंट अफेयर

### आर्थिक चुनौतियों की छाया में होगी चीन की संसदीय बैठक


चीन की आधुनिक अर्थव्यवस्था की प्रगति कुंग-फू लड़ने वाले रोबोट और खुद से पार्क होने वाली कारों से भले ही दिखती हो, लेकिन रियल एस्टेट क्षेत्र की सुस्ती, छोटे व्यवसायों की मुश्किलें और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी उसकी रफ्तार को थाम रही हैं। चीनी नेता शी चिनफिंग की उच्च प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित महत्वाकांक्षाओं और धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि की कठोर वास्तविकताओं के बीच का अंतर उस पृष्ठभूमि को रेखांकित करता है, जिसके बीच देश की औपचारिक मानी जाने वाली संसद 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' की वार्षिक बैठक बृहस्पतिवार से शुरू हो रही है। करीब 3,000 प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाली बैठक में शीर्ष नेता वार्षिक आर्थिक वृद्धि लक्ष्य और 2030 तक की नीतिगत रूपरेखा पेश करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सामने सबसे बड़ी चुनौती उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित विकास और घरेलू मांग को संभालने के बीच संतुलन की है। चीन ने 2025 में लगभग पांच प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का दावा किया है, हालांकि कई अर्थशास्त्री आधिकारिक आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापारिक तनाव के बावजूद निर्यात में उछाल और विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया है।



## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रंगों के त्योहार में डूबी मायानगरी

# बॉलीवुड के गलियारों में दिखा होली का रंग, सितारे हो गए सराबोर

### मुंबई की सड़कों पर दिखा होली का रंग और भरपूर मस्ती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां की सड़कों पर इस साल होली का उल्लास देखते ही बना, जहां बॉलीवुड के गलियारों से लेकर पाली हिल्स की हाउसिंग सोसाइटीज तक रंगों की बौछार देखने को मिली।

3 मार्च को महाराष्ट्र में कई लोग होली मना रहे हैं। इस त्योहार में फिल्मी सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार चांद लगा दिए हैं। इसमें रणबीर कपूर रंगों में सने दिखे, इसके अलावा सोहा अली खान भी फैमिली संग रंग खेलती दिखीं।



### रणबीर और राहा की यादगार होली

इस साल के सेलिब्रेशन में सबसे ज्यादा चर्चा रणबीर कपूर और उनकी नन्हीं बेटी राहा कपूर की रही। पाली हिल्स में अपने दोस्तों के साथ होली का आनंद लेते हुए रणबीर पूरी तरह रंगों में सरोबार नजर आए। ग्रे टैंक टी-शर्ट, ब्लू शॉर्ट्स और कैप पहने रणबीर ने न केवल अपनी बेटी के साथ इस खास पल को जिया, बल्कि बाहर खड़े पैपराजी के पास जाकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से 'हैप्पी होली' विश किया।

### सेलेब्रिटीज का होली गेट-टुगेदर



होली का असली मजा नजारा सोहा अली खान और नेहा धूपिया के सेलिब्रेशन में भी दिखा। सोहा अपनी बेटी इनाया के साथ रंगों के खेल में डूबी नजर आईं। जल्द ही इस जश्न में नेहा धूपिया भी अपने बच्चों के साथ शामिल हो गईं।

### इरफान ने खेली बाल्टी से होली



पूरा भारत देश होली के त्योहार में रंग गया है। गली-मोहल्लों में रंग और गुलाल उड़ रहे हैं। हर तरफ 'बुरा ना मानो होली है' का शोर गूंज रहा है। ऐसे में क्रिकेट के दिग्गजों ने भी जमकर होली खेली। इरफान पठान भी रंगों से सराबोर नजर आए।वीडियो में इरफान पठान कुछ दोस्तों के साथ होली खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इरफान पूरे मस्ती के मूड में दिखाई दिए। उन्हें एक दोस्त रंग लगाने आता है तो वह खूशी से दोनो बांह फैलाकर दोस्त से खूब रंग लगवाते हैं। पठान मस्ती में इस कदर चूर दिखाई दिए कि उन्होंने खुद दोस्तों से जमकर रंग लगवाए।

### डोल जात्रा और डोला पूर्णिमा पर शाह ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने डोल जात्रा और डोला पूर्णिमा के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।

### 20 फीट ऊंची आग की लपटों को चीरकर निकले संजू पंडा




*मथुरा। ब्रज की होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि अटूट विश्वास की कसौटी भी है। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे जब कोसीकलां के फालैन गांव में होलिका की लपटें आसमान छू रही थीं, तब संजू पंडा ने दहकते अंगारों के बीच से दौड़ लगाकर सबको हैरत में डाल दिया। ताज्जुब की बात यह रही कि इतनी भीषण आग के बावजूद संजू का शरीर बिल्कुल नहीं झुलसा। यह परंपरा करीब 5200 वर्षों पुरानी मानी जाती है।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उन्नीकृष्णन का निधन

**नई दिल्ली।** होली से पहले कांग्रेस को बड़ी क्षति हुई है। पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री केपी



उन्नीकृष्णन का निधन हो गया है। केरल के कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने उन्नीकृष्णन के निधन पर दुख जताया है। उनका का जन्म 1936 में हुआ था।

### वृंदावन में रह रहे पति पत्नी गिरफ्तार

**वृंदावन।** अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने के मामले में पंजाब पुलिस ने सुनरख मार्ग स्थित हरे



कृष्णा आर्चिड के फ्लैट से पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दो माह से फरार दंपती की गिरफ्तारी से सोसायटी में हलचल है। पटियाला निवासी सौरभ गुप्ता और उनकी पत्नी अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजते थे।

### असम से कार्बी आंगलोंग अदरक का निर्यात

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि असम ने कृषि निर्यात में एक



महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जीआई-टैग प्राप्त कार्बी आंगलोंग अदरक की पहली खेप लंदन भेजी गई है, जो राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। सरमा ने इसे किसानों के लिए गर्व का क्षण और विश्व उपस्थिति का संकेत बताया।

### 'कंगारू कोर्ट' की तालिबानी सजा, छात्र की निर्मम हत्या

**अनुगुल।** ओडिशा में 'कंगारू कोर्ट' का बढ़ता चलन अब सीधे मासूमों की जान लेने लगा है। ताजा



और दर्दनाक मामला मयूरभंज जिले के रायरांगपुर से सामने आया है, जहां कंगारू कोर्ट की कथित सुनवाई के बाद भीड़ ने 9वीं के छात्र को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया

# मेक मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर का दिया मंत्र, यह विनिर्माण को ऊंचाई देने का वक्त


### अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का किया आह्वान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'आर्थिक विकास को बनाए रखना और मजबूत करना' विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा है कि भारत को मिले वैश्विक अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, बल्कि उनसे बेहतर भी होनी चाहिए। गुणवत्ता के मामले में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व की आशा बनी हुई है, तब देश के लिए अधिक निर्माण, अधिक उत्पादन, अधिक संपर्क और अब अधिक निर्यात की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने अनेक देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे नए अवसरों के द्वार खुले हैं।

वैश्विक अवसरों का लाभ उठाएं

### 'आर्थिक विकास को बनाए रखना और मजबूत करना' विषय रखा गया



### उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करना होगा

पीएम ने कहा कि इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए उद्योगों को अन्य देशों की आवश्यकताओं और वहां के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करना होगा तथा उपयोगकर्ता अनुकूल उत्पाद विकसित करने होंगे। उन्होंने उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और उत्पादन बढ़ाने, लागत ढांचे को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निवेश के प्रवाह को तेज करने तथा देश के दूरस्थ क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देना होगा।

### बायोफार्मा को वैश्विक केंद्र बनाएंगे

प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित बायोफार्मा शक्ति मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत को जैविक औषधियों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश और कार्बन अवशोषण, उपयोग एवं भंडारण मिशन जैसी पहलों के माध्यम से सतत विकास को व्यापार की मूल रणनीति का हिस्सा बनाने पर भी बल दिया।उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना और परिवहन तंत्र देश की विकास रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं और बजट में पूंजीगत व्यय का रिकॉर्ड प्रावधान इन प्राथमिकताओं को सशक्त करने के लिए किया गया है।

### इस श्रृंखला का पहला आयोजन अत्यंत सफल रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि गत सप्ताह बजट वेबिनार श्रृंखला का पहला आयोजन अत्यंत सफल रहा और बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने बड़ी संख्या में विशेषज्ञों और हितधारकों की भागीदारी को लोकतांत्रिक विमर्श का सफल प्रयोग बताया।

### मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर दुनिया में नाम बढ़ा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तेज आर्थिक विकास विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का मजबूत आधार है।

### आर्थिक विकास को निरंतर मजबूती देने पर जोर

*पीएम मोदी ने कहा कि वेबिनार की थीम देश की आर्थिक वृद्धि को निरंतर मजबूती देने से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं रीशेप हो रही हैं और दुनिया नए साझेदारों की तलाश में है, ऐसे समय में भारत के लिए यह बड़ा अवसर है। उन्होंने दोहराया कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण वैश्विक उम्मीद का केंद्र बन रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में तीव्र आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

### भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है

*प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं-अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक कनेक्ट करें और अधिक निर्यात करें। उन्होंने कहा कि यह समय भारत के लिए अपने विनिर्माण और निर्यात क्षमता को नई ऊंचाई देने का है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण भागीदारों की तलाश में है और भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है।*

### दुनिया में अनिश्चितताओं के बीच विश्व स्तर पर भारत से उम्मीद

*पीएम मोदी ने 'आर्थिक विकास को सतत बनाए रखना और उसे मजबूत करना' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है।प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, ऐसे समय में भारत की तेज आर्थिक प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ज्यादा निर्माण, ज्यादा उत्पादन, ज्यादा कनेक्टिविटी और ज्यादा निर्यात की रणनीति अपनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और एमएसएमई आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मजबूत विनिर्माण ढांचा इन सभी क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करता है।*

सोनिया ने लिखा लेख

# ईरान संकट पर सरकार चुप क्यों? हम विदेश नीति की आत्मा खो रहे





### प्रधानमंत्री ने राष्ट्राध्यक्ष खामेनेई की हत्या की निंदा तक नहीं की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों में हत्या कर दी गई। किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर दरार का संकेत है। इस घटना की स्तब्धता से परे, जो बात है, वह है नई दिल्ली की चुप्पी। भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की है और न ही ईरानी संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट आपत्ति दर्ज की है।

अमेरिकी-इजराइली हमले की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री ने केवल ईरान द्वारा यूएई पर की गई जवाबी कार्रवाई की निंदा तक स्वयं को सीमित रखा और उससे पहले घटित घटनाक्रम पर मौन साधे रखा। बाद में उन्होंने गहरी चिंता और संवाद एवं कूटनीति की बातें कहीं। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर यदि हमारा देश संप्रभुता या अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में स्पष्ट आवाज नहीं उठाता है तो यह हमारी विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता

*इस संदर्भ में चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता। यह हत्या बिना औपचारिक युद्ध-घोषणा के और एक चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान की गई। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 2(4) किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल प्रयोग या उसकी धमकी को निषिद्ध करता है। किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या इन सिद्धांतों के मूल पर प्रहार करती है। यदि ऐसे कृत्य विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांतनिष्ठ आपत्ति के बिना गुजर जाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का क्षरण सामान्यीकृत होना आसान हो जाता है।*

### राहुल का पीएम से सवाल

### भारत से 'नैतिक स्पष्टता' की मांग की

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत की विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने हालिया घटनाओं को 'अस्थिर क्षेत्र को व्यापक संघर्ष की ओर धकेलने वाला' बताया है और भारत से 'नैतिक स्पष्टता' की मांग की है। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा-अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से यह नाजुक क्षेत्र व्यापक संघर्ष की ओर बढ़ रहा है। करोड़ों लोग, जिनमें लगभग एक करोड़ भारतीय भी शामिल हैं, अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। सुरक्षा संबंधी चिंताएं वास्तविक हैं।*


कांग्रेस-डीएमके गठबंधन में सीटों पर खींचतान

# चिदंबरम ने स्टालिन से की लंबी बात पार्टियों को अभी समाधान की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य में सत्ताधारी डीएमके और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। सीटों की संख्या पर दोनों दलों में सहमति नहीं बन पा रही है। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मोर्चा संभाला है। चिदंबरम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से मुलाकात की। उनके साथ टीएनसीसी प्रमुख के सेल्वापेरुन्थगई भी थे। स्टालिन के साथ कांग्रेस नेताओं की यह बातचीत करीब एक घंटे तक चली।

### सीटों की संख्या पर फंसा मामला



दोनों पार्टियां गठबंधन जारी रखना चाहती हैं। लेकिन सीटों की संख्या को लेकर कुछ असहमति है। शुरुआत में कांग्रेस ने 39 सीटों की मांग की थी। वहीं, डीएमके ने कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट का भी प्रस्ताव दिया था। बातचीत इस बात पर अटकी है कि कांग्रेस को कितनी सीटें दी जाएंगी? डीएमके प्रवक्ता टी के एस एलंगोवन ने वेल्लोर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, "डीएमके चाहती है कि गठबंधन जारी रहे। बातचीत चल रही है और हमारे नेता एक अच्छा फैसला लेंगे।

कैश-फॉर-जॉब्स मामला

# हाईकोर्ट के आदेश पर डीवीएसी करेगा समीक्षा याचिका पर विचार



**चेन्नई।** तमिलनाडु के कथित 'कैश-फॉर-जॉब्स' घोटाले में नया मोड़ आ गया है। मद्रास हाईकोर्ट के एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद राज्य सरकार ने कहा है कि डायरेक्टरेट ऑफ विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन यानी डीवीएसी इस आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार कर रहा है। मामला मंत्री केएन नेहरू के विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश मणिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की पीठ के सामने राज्य के एडवोकेट जनरल पी.एस. रमन ने कहा कि 20 फरवरी के आदेश, जिसमें तुरंत एफआईआर दर्ज करने को कहा गया था, उस पर डीवीएसी कानूनी राय ले रहा है। यह सुनवाई अवमानना याचिका पर हो रही थी, जिसे एआईएडीएमके सांसद आई.एस. इनबदुरई ने दायर किया है।

## राजस्थान पर्यटन की होली



**जयपुर।** जयपुर में होली के त्योहार के अवसर पर राजस्थान पर्यटन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को 'गुलाल' से रंगा गया।

डीएलएफ के प्रीमियम फ्लैट्स में न बिजली-न पानी, भारी अनियमितताएं

रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी की मुसीबत बढ़ी

# सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई को सही स्थिति जानने के निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनियों में से एक डीएलएफ की कानूनी मुसीबतें बढ़ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के गुरुग्राम स्थित रिहायशी प्रोजेक्ट 'द प्राइमस डीएलएफ गार्डन सिटी' से जुड़े अनियमितताओं के मामले में सीबीआई जांच के आदेश जारी किए हैं। अदालत ने कहा कि सामने आए तथ्य हिमखंड का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकते हैं। यह निर्देश जस्टिस हसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने उन अपीलों की सुनवाई के दौरान दिए हैं, जिनमें स्वर्णप्रीत कौर समेत कई होमबायर्स ने डीएलएफ होम डेवलपर्स लिमिटेड के खिलाफ दायर किया था।



### सीबीआई निदेशक एक विशेष टीम का गठन करें

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा पूरे मामले में सीबीआई निदेशक एक विशेष टीम का गठन करें और सभी संबंधित व्यक्ति सीबीआई जांच की सहायता करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीबीआई टीम स्वतंत्र रूप से कोर्ट के अधिकारियों के रूप में काम करेगी। कोर्ट ने 25 अप्रैलतक जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

### यह अकेला मामला नहीं

कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शायद यह हिमबर्ग का एक छोटा सा हिस्सा है। हमें यह मानना काफी मुश्किल है कि यह सिर्फ एक इकलौती घटना है। हम इसलिए अधिक चिंतित हैं क्योंकि यदि संगठित रियल एस्टेट क्षेत्र में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो आम उपभोक्ताओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

देश के कई भागों में दिखा साल का सबसे बड़ा चंद्र ग्रहण

# दिल्ली-एनसीआर और उत्तरप्रदेश में दिखा खूबसूरत नजारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को 2026 का पहला चंद्र ग्रहण लगा। हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण को सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है।

इस दौरान चंद्रमा का रंग हल्का लाल या तांबे जैसा दिखाई दिया। इसलिए इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। दिल्ली में चंद्र ग्रहण शाम 6 बजकर 22 मिनट पर लगा। सूर्यास्त के आस-पास लगे इस ग्रहण देखने के लिए लोग खुले स्थानों और छतों का रुख करते हुए दिखाई दिए। वहीं, नोएडा में ग्रहण 6 बजकर 20 मिनट पर प्रारंभ हुआ।

### दिल्ली में शाम 6 बजकर 22 मिनट पर लगा



#### ग्रहण का स्पर्श 3.20 मिनट

यह ग्रहण सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शुरू हुआ लेकिन उस समय भारत में चंद्रमा दिखाई नहीं दिया। भारत में चंद्रमा का उदय शाम लगभग 6:26 से 6:32 बजे के बीच रहा और उसी समय ग्रहण का अंतिम चरण भी रहा। ग्रहण करीब 6:46 से 6:47 बजे के बीच समाप्त हो गया। भारत में यह चंद्र ग्रहण केवल 15 से 20 मिनट के लिए ही दिखाई दिया।

### सूतक काल में जाप और नाम स्मरण शुभ

धार्मिक मान्यता के अनुसार चंद्र ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों और व्यक्तियों पर पड़ता है। ग्रहण के समय मंत्र जाप और भगवान का स्मरण करना शुभ माना जाता है, जबकि खाना बनाना, भोजन करना और शुभ कार्य शुरू करना वर्जित बताया गया है। ग्रहण से पहले सूतक काल भी लगता है, जिसे अशुभ समय माना जाता है। सूतक काल में विशेष सावधानी बरतने और भगवान का नाम लेने की सलाह दी जाती है।

### इस दौरान राम मंदिर से काशी विश्वनाथ तक प्रमुख मंदिरों के कपाट रहे बंद



मंगलवार को लगने वाले चंद्र ग्रहण के चलते उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के द्वारा और पूजा समय में बदलाव किया गया। अयोध्या के राम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ और मथुरा-वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर सहित प्रदेश के बड़े मंदिरों ने 'सूतक काल' और ग्रहण के नियमों का पालन करते हुए दर्शन का नया शेड्यूल जारी किया था। धार्मिक गणनाओं के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा पर लगने वाला यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा। इसका प्रभाव दोपहर 3:27 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार सूतक काल के दौरान मंदिरों में नियमित अनुष्ठान और दर्शन वर्जित होते हैं, जिसके कारण कपाट बंद रखने का निर्णय लिया गया।

# हमले में बुर्ज खलीफा को हुआ नुकसान तो मिलेंगे 150 करोड़ रुपये?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सऊदी अरब तथा दुबई में कई जगह हमलों के बाद एक चर्चा छिड़ गई है। वो ये है कि क्या दुबई की पहचान बन चुकी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत कहलाने वाली बुर्ज खलीफा को कुछ होता है तो क्या होगा। क्या बुर्ज खलीफा बर्बाद हो गया तो इसका हर्जाना मिलेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुर्ज खलीफा बिल्डिंग का भारी भरकम इंश्योरेंस है। इस बिल्डिंग का बीमा इसके डेवलपर एमार प्रॉपर्टी की ओर से ओमान इंश्योरेंस से कराया हुआ है। इस इंश्योरेंस की रकम भी कोई छोटी-मोटी नहीं बल्कि 1,50,00,00,000 रुपए (करीब 150 करोड़ रुपए) है। अब सवाल है कि अगर बुर्ज खलीफा पर हमला होता है तो क्या ये इंश्योरेंस मिलेगा।

## बुर्ज खलीफा के लिए एमार प्रापर्टी ने ओमान इंश्योरेंस से कराया है इंश्योरेंस

### बुर्ज खलीफा के पास कैसा इंश्योरेंस

दरअसल, बुर्ज खलीफा जैसी मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का बीमा कवर आम इमारतों से बिल्कुल अलग होता है। एमार डेवलपर की ओर से कराए गए इंश्योरेंस में प्रॉपर्टी इंश्योरेंस, कंस्ट्रक्शन रिस्क और राजनीतिक हिंसा जैसे कवर शामिल हो सकते है। ऐसे में अगर बुर्ज खलीफा को कोई नुकसान होता है तो इंश्योरेंस कंपनी को इसका भुगतान करना होगा। अब सवाल है कि इस तरह के हमलों से हुए नुकसान में क्या क्लेम मिलता है। दरअसल बीमा पॉलिसियों में कई बार एक निश्चित राशि तक का कवर किसी विशेष श्रेणी के नुकसान के लिए निर्धारित होता है और यह रकम पूरी इमारत की कीमत नहीं होती, बल्कि किसी विशेष नुकसान, सेक्शन या कवरेज लिमिट से जुड़ी हो सकती है।



### ऐसे तय होता है कितना मिलेगा इंश्योरेंस

जानकारों के मुताबिक इंश्योरेंस अलग-अलग तरह की होती है। आतंकवादी हमला या दंगा जैसे मामलों के लिए अलग सीमा तय होती है। वहीं फुल स्केल वार से होने वाले नुकसान को कई बार स्टैंडर्ड पॉलिसी में शामिल नहीं किया जाता या अलग प्रीमियम पर कवर किया जाता है। बीमा क्लेम का भुगतान पॉलिसी की शर्तों, अपवादों और वास्तविक नुकसान के आकलन पर निर्भर करता है।

### क्या सीधे मिल जाएगी पूरी रकम?

कोई भी इंश्योरेंस क्लेम हमेशा वास्तविक नुकसान के आधार पर तय होता है। अगर नुकसान सीमित है, तो भुगतान भी उसी अनुपात में होता है। साथ ही, कई मामलों में डिडक्टिबल और एक्सक्लूजन क्लॉज लागू होते हैं। बुर्ज खलीफा के केस में देखा जाए तो इसका इंश्योरेंस अलग तरह का होता है। क्योंकि यहां कि संरचना थोड़ी अलग है। वही इसमें कई सारे होटल, ऑफिस और निजी बिल्डिंग्स भी है जिसका बीमा उनके मालिकों की ओर से अलग से होता है। बीमा पॉलिसी एक सीमा से जुड़ी हो सकती है, लेकिन पूरी रकम मिलना नुकसान की प्रकृति, पॉलिसी की शर्तों और जांच पर निर्भर करेगा।

## सुनील मित्तल को जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान

**नई दिल्ली।** वैश्विक दूरसंचार उद्योग निकाय जीएसएमए ने भारती एंटरप्राइज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को प्रतिष्ठित 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया है। भारती एयरटेल ने सोमवार को बताया कि मित्तल को यह सम्मान वैश्विक दूरसंचार परिदृश्य को नया स्वरूप देने और दुनिया भर में परिचालकों, सरकारों, व्यवसायों और अरबों उपभोक्ताओं के बीच संपर्क के विस्तार में उनके योगदान के लिए दिया गया है।

## सेबी प्रमुख पांडेय ने कहा, सट्टेबाजी गतिविधियों को लेकर सतर्क

# वायदा खंड में कोई समस्या नहीं, कम अवधि वाले विकल्प कारोबार को लेकर चिंता जरूर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नियामक को डेरिवेटिव (वायदा एवं विकल्प) बाजार के वायदा खंड को लेकर कोई चिंता नहीं है, लेकिन कम समय के सौदे वाले विकल्प कारोबार में सट्टेबाजी की गतिविधियों को लेकर वह सतर्क है। पांडेय ने कहा कि नियामक के हाल में किये गये गये हस्तक्षेप विशेष रूप से अल्पावधि वाले विकल्प कारोबार में अत्यधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर केंद्रित रहे हैं।

**अल्पाअवधि वाले कारोबार में अत्यधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर ध्यान**

साथ ही मूल्य निर्धारण और नकदी में वायदा और विकल्प की महत्वपूर्ण भूमिका को भी संरक्षित किया जा रहा है।

## नियामक को बाजार के वायदा खंड को लेकर कोई चिंता नहीं

### खुदरा निवेशकों के लिए अत्यधिक जोखिम भरे

अल्पावधि के विकल्प कारोबार ऐसे डेरिवेटिव हैं जो या तो उसी दिन या कुछ दिन के भीतर समाप्त हो जाते हैं। ये सस्ते होते हैं और कम राशि (प्रीमियम) से ही बड़ा 'पोजिशन' प्रदान करते हैं। इससे कारोबारी बहुत ही अल्पकालिक बाजार उतार-चढ़ाव पर दांव लगा सकते हैं या उनसे बचाव कर सकते हैं। हालांकि, ये अत्यधिक अस्थिर होते हैं और बहुत तेजी से अपना मूल्य खो देते हैं, जिससे ये खुदरा निवेशकों के लिए अत्यधिक जोखिम भरे हो जाते हैं।



### प्रभाव का विश्लेषण करना जारी रहेगा

सेबी प्रमुख ने कहा कि वायदा बाजार और व्यापक डेरिवेटिव खंड मूल्य निर्धारण और तरलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, ''यह बेहतर है कि हम उन समस्याग्रस्त क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करें जिनकी पहचान स्वयं सेबी ने की है और आंकड़े भी जारी किये गये हैं। हमने वैधानिक चेतावनी जारी की है, उपाय लागू किए हैं और उनके प्रभाव का विश्लेषण करना जारी रखेंगे...।''

### भारत के पूंजी बाजार की सेहत कमजोर कर सकते हैं

इससे पहले जुलाई में, सेबी ने अति-अल्पावधि डेरिवेटिव ट्रेडिंग के बढ़ते प्रभाव पर भी चिंता व्यक्त की थी और चेतावनी दी थी कि इस तरह का रुख भारत के पूंजी बाजारों की सेहत को कमजोर कर सकते हैं। निम्न आय वर्ग के लोगों को डेरिवेटिव कारोबार से बाहर रखने के सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुए, सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक को विभिन्न पक्षों से कई सिफारिशें प्राप्त होती हैं।

### न्यूनतम योग्यता मानदंड की वकालत

पांडेय ने प्रस्ताव पर तत्काल कोई कदम उठाने का संकेत दिए बिना कहा, ''हर कोई सुझाव दे सकता है। हमें ईमेल और सोशल मीडिया के माध्यम से कई सुझाव मिलते हैं।''

### 90 फीसदी डेरिवेटिव कारोबार में पैसा गंवा रहे

सेबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक कारोबारी डेरिवेटिव कारोबार में पैसा गंवा देते हैं। एनएसई के बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के संबंध में, सेबी प्रमुख ने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लंबे समय से लंबित था। इसका मतलब है कि अब शेयर बाजार को तैयारी शुरू करने की अनुमति मिल गई है।

## शाओमी ने पेश की नई कॉन्सेप्ट कार, हवा में तैरती आएगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन की दिग्गज कंपनी शाओमी ने बार्सिलोना में चल रहे मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2026 इवेंट में अपनी नई कॉन्सेप्ट सुपरकार विजन ग्रैन टूरिस्मो (वीजीटी) से पर्दा उठा दिया है। यह एक इलेक्ट्रिक हाइपरकार है। यह कार जितनी दिखने में शानदार है, इसकी टेक्नोलॉजी भी उतनी ही हैरान करने वाली है। यह कार सड़क पर चलती हुई नहीं, बल्कि हवा में तैरती हुई नजर आएगी। यह असल में एक डिजिटल सुपरकार है जिसे खास तौर पर ग्रैन टूरिस्मो वीडियो गेम के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनियां इस प्रोग्राम का इस्तेमाल अपनी सबसे बेहतरीन डिजाइन और इंजीनियरिंग दिखाने के लिए करती हैं। इस कार की सबसे बड़ी खासियत इसके अनोखे पहिये हैं।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 19.4 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार मूल्यांकन प्रभाव सहित बाजार मूल्य पर अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 19.4 अरब डॉलर बढ़ गया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 में 10.7 अरब डॉलर की कमी हुई थी। भुगतान संतुलन के आधार पर, मूल्यांकन प्रभावों को छोड़कर, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 30.8 अरब डॉलर की कमी आई, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 13.8 अरब डॉलर की कमी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में बदलाव के स्रोत जारी किए। मूल्यांकन लाभ, जो मुख्य रूप से सोने की ऊंची कीमत, प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मूल्यह्रास और कम बांड प्रतिफल को दर्शाता है, अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 3.1 अरब डॉलर से बढ़कर अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 50.2 अरब डॉलर हो गया।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

निविदा संख्याः 39-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 03.03.2026

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली क्षेत्र और दिल्ली मंडल के डीईसी–आरई सेक्शनों में 04 ट्रैक्शन सबस्टेशनों पर स्टाफ की मैनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,04,99,760.51/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,02,500/- |
| 4 | प्री–बिड मीटिंग की तिथि और समय | 16.03.2026 (11.30 hrs.) |
| 5 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 19.03.2026 (10:30 बजे) से 02.04.2026 (15:00 बजे तक) |
| 6 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 02.04.2026 (15:00 बजे) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

733/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | (1) मंडल इंजीनियर – चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सेक्शन में डिजाइन मोड टैम्पिंग के लिए टैम्पिंग से पहले और बाद का सर्वेक्षण का प्रावधान। (निविदा संख्या 131–25–26–W–IV) |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) Rs. 79,76,435.07 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs. 1,59,500.00 |
| 4 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 10.03.2026 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 24.03.2026 को 15:00 बजे |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र स.: 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 131/25–26–डब्लू–4
दिनांक: 02.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 721/26

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम सागर पुत्र प्रेमपाल निवासी मकान नंबर 641, नेहरू कुटीर, मलका गंज, सब्जी मंडी, दिल्ली** ने **FIR No. 157/2025 U/S 12/9/55 Delhi Gambling Act,** अन्तर्गत थाना **सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम सागर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम सागर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 157/2025 U/S 12/9/55 Delhi Gambling Act,** अन्तर्गत थाना सब्जी मंडी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रेम सागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री प्रीति राजोरिया**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
कमरा नंबर 32, (केंद्रीय)
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2789/N/2026(Court Matter)

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## मिडिल ईस्ट संकट का भारत पर पड़ेगा नकारात्मक असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फिच ग्रुप की इकाई बीएमआई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारत में निवेश को प्रभावित कर सकता है और यूरोपीय संघ एवं अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौतों से मिलने वाले सकारात्मक प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकता है। बीएमआई ने अपनी 'इंडिया आउटलुक' रिपोर्ट में कहा कि यदि ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर लगभग 0.3 से 0.6 प्रतिशत अंक तक का नकारात्मक असर पड़ सकता है। रिपोर्ट कहती है कि खासकर दक्षिण एशिया जैसे शुद्ध तेल आयातक देशों पर इस संकट का अधिक प्रभाव पड़ने का अनुमान है।हालांकि, शोध एवं विश्लेषण इकाई बीएमआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जो चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 7.9 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## ओला की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल की दिशा में एक नई शुरूआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने मंगलवार को 'होली महोत्सव' की घोषणा करते हुए अपनी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल खंड की नई शुरुआती कीमतों का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि यह भारत में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल की दिशा में एक नई शुरुआत है। 'होली' के अवसर पर कंपनी ने बताया कि उसकी रोडस्टर मोटरसाइकिल श्रृंखला अब 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार, इस नई कीमत के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें अब शुरुआती स्तर की पेट्रोल मोटरसाइकिलों के बराबर आ गई हैं। कंपनी की रोडस्टर एक्स श्रृंखला 2.5 किलोवाट-घंटा, 3.5 किलोवाट-घंटा और 4.5 किलोवाट-घंटा बैटरी विकल्पों में उपलब्ध है, जिनकी कीमतें क्रमशः 79,999 रुपये, 92,999 रुपये और 99,999 रुपये रखी गई हैं। वहीं, रोडस्टर एक्स प्लस 4.5 किलोवाट-घंटा और 9.1 किलोवाट-घंटा बैटरी विकल्पों में उपलब्ध है, जिनकी कीमतें क्रमशः 1,09,999 रुपये और 1,89,000 रुपये तय की गई हैं। होली पेशकश के तहत कंपनी ने आज और कल के लिए 'मुहूर्त महोत्सव' की भी शुरुआत की है।

## राशिफल

**मेष** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** – मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार–चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** – शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** – मन में उतार–चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी।

## दो हजार के 98.44 प्रतिशत नोट वापस आए : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि 2,000 रुपये के 98.44 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई के जारी बयान के अनुसार, 19 मई, 2023 को जब यह घोषणा की गई थी, तब बाजार में 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। 28 फरवरी, 2026 को कारोबार बंद होने तक यह घटकर 5,551 करोड़ रुपये रह गया। रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों (आरबीआई निर्गम कार्यालय) में 19 मई, 2023 से 2000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध है।

## नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स ने व्हाइट-कॉलर नौकरियों पर जारी की रिपोर्ट

# एआई और आईटी क्षेत्र में सुधार से नियुक्तियों में आया उछाल

**मुंबई (एजेंसी)।** कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाए जाने और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में सुधार के चलते देश में दफ्तर में बैठकर काम करने वाले पेशेवरों (व्हाइट कॉलर) की नियुक्तियों में इस साल फरवरी में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' के अनुसार, व्हाइट-कॉलर नौकरियों के बाजार ने हाल के वर्षों में फरवरी महीने का अपना सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। इंडेक्स फरवरी, 2025 के 2,890 अंक के मुकाबले 12 प्रतिशत बढ़कर फरवरी, 2026 में 3,233 अंक पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी में नियुक्तियों की रफ्तार में 23 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जो सामान्य तौर पर देखी जाने वाली 13-16 प्रतिशत की वृद्धि से काफी अधिक है। फरवरी में आईटी क्षेत्र में नियुक्तियों में सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इस क्षेत्र में नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती में आठ प्रतिशत का इजाफा हुआ। रिपोर्ट कहती है कि भारत स्थित बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनियां इसकी मुख्य चालक रहीं, जहां नियुक्तियों में 55 प्रतिशत का उछाल देखा गया। आईटी क्षेत्र के भीतर एआई/'मशीन लर्निंग' से जुड़ी नियुक्तियों में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह दर्शाता है कि फरवरी का प्रदर्शन उच्च-कौशल और उच्च-मूल्य वाले प्रतिभा क्षेत्रों पर केंद्रित रहा। रिपोर्ट के अनुसार, नए लोगों की भर्ती में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 20 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के वेतन पैकेज वाले पदों की मांग में 23 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

## निसान मोटर इंडिया की बिक्री 23 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया की बिक्री फरवरी में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 23 प्रतिशत बढ़कर 10,565 इकाई हो गई। फरवरी, 2025 में कंपनी ने 8,567 वाहन बेचे थे। निसान मोटर इंडिया ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू थोक बिक्री 2,230 इकाई रही, जबकि निर्यात बढ़कर 8,335 इकाई हो गया। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, सौरभ वत्स ने कहा, 'फरवरी भारत में निसान के लिए एक महत्वपूर्ण महीना रहा है। यह हमारे एकीकृत प्रदर्शन, स्थिर अंतर्निहित मांग और निर्यात में निरंतर ताकत को दर्शाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**


**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ हरियाणवी** पुत्र सतीश, निवासी- नेताजी कॉलोनी, फोजी करियाना स्टोर (राधा कृष्ण स्कूल) के पास, सोंधापुर, रोड, बिंझौल चौक, थाना ओल्ड इंडस्ट्रियल पानीपत, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 318/2025 धारा 109(1)/61(2)/4(5) भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ हरियाणवी** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ हरियाणवी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ हरियाणवी, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 318/2025 धारा 109(1)/61(2)/4(5) भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना करावल नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री इसरा जैदी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
रूम नंबर 64, चौथी मंज़िल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/2778/NE/2026

## शब्द पहेली - 6156



**बाएँ से दाए-**


1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**

2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6155 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | | | क | मी | ज | |
| रा | ल | | न | | श | प | थ | | मा | मा |
| म | | | थ | नि | क | | न | | | लि |
| दे | ह | दा | न | | | अ | | ल | ल | क |
| ह | | खि | | बे | शु | मा | र | | ह | |
| | सा | ल | | ल | | न | | सु | र | |
| | हि | | ब | गा | व | त | | र | | हा |
| ज | ल | न | | म | | | अ | भि | मा | नि |
| ग | | | चु | | रा | ज | न | | | का |
| त | र | | ना | ह | क | | ब | | चा | र |
| | ब | हा | व | | | म | न | मो | ह | क |






# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति का धमाका, फिर बनी नंबर-1 बल्लेबाज, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने ताजा रैंकिंग का ऐलान कर दिया है। महिला क्रिकेट की ताजा आईसीसी रैंकिंग में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। टीम इंडिया की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एक बार फिर वनडे क्रिकेट में नंबर-1 की कुर्सी हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज में उनके लगातार प्रदर्शन का इनाम उन्हें आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान के रूप में मिला। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (652) को रैंकिंग में फायदा मिला है। 53, 54 और 25 के स्कोर के साथ हरमनप्रीत कौर ने चार पायदान की छलांग लगाते हुए 9वां पायदान अपने नाम कर लिया है।






### मंधाना ने वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ा

मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के तहत ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेले गए तीन वनडे मैचों के बाद ये ताजा रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें मंधाना (790 रेटिंग पॉइंट) ने साउथ अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ते हुए नंबर-1 पोजिशन हासिल कर ली है। मंधाना ने सीरीज के दौरान 58 और 31 रनों की अहम पारियां खेलीं, जिसने उन्हें रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा दिया। हालांकि, वोल्वार्ड्ट के पास मार्च-अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान फिर से नंबर-1 बनने का मौका रहेगा।

### मूनी और हीली ने लगाई छलांग

ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और एलिसा हीली को भी जबरदस्त फायदा हुआ है। टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में शानदार शतक ठोकने के बाद दोनों बल्लेबाजों ने 2-2 पायदान की छलांग लगाई है। मूनी अब तीसरे जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के करीब पहुंची एलिसा हीली चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज हारने के बावजूद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को रैंकिंग में फायदा हुआ। हरमनप्रीत 53, 54 और 25 रनों की पारियों के दम पर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 4 स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गईं।

### दीप्ति को हुआ नुकसान

ऐश गार्डनर वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 बनी हुई हैं और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज दूसरे पायदान पर हैं। दोनों के बीच करीब 100 रेटिंग पॉइंट का अंतर हैं। ऐश गार्डनर की रेटिंग 516 है जबकि हेली मैथ्यूज की रेटिंग 418 है। एनाबेल सदरलैंड ने भी दो स्थान की छलांग लगाई है और अब वह तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। मारिजान कैप 2 स्थान के नुकसान के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह 5वें पायदान पर खिसक गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग ने 4 स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए 7वें स्थान पर कब्जा कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### बिली जीन किंग कप के लिए भारतीय टीम में शामिल वैष्णवी

**नई दिल्ली।** युवा खिलाड़ी वैष्णवी अडकर को छह अप्रैल से यहां होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) एशिया ओशिनिया ग्रुप एक टेनिस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। वैष्णवी ने हाल ही में बेंगलुरु में तब अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की थी जब वह किसी डब्ल्यू100 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली सानिया मिर्जा के बाद दूसरी महिला खिलाड़ी बनी थी। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में अहमदाबाद में डब्ल्यू15 का खिताब भी जीता था, जिससे उनकी लगातार प्रगति का पता चलता है। भारतीय टीम में वैष्णवी के अलावा रुतुजा भोसले, अंकिता रैना, सहजा यमलापल्ली और श्रीवल्ली भामिदिपति शामिल हैं। वैदेही चौधरी को रिजर्व नामित किया गया है।

### भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल रोमांचक होगा: गावस्कर

**बेंगलुरु।** पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप का सेमीफाइनल मैच बेहद रोमांचक होगा, जिसमें बल्लेबाजी में लचीलापन और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज की मौजूदगी से भारतीय टीम थोड़ा फायदे में रहेगी। मौजूदा चैंपियन भारत गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगा। इससे पहले 2022 और 2024 में भी इन दोनों टीमों के बीच सेमाईफाइल खेला गया था। इंग्लैंड ने 2022 में एडिलेड में भारत को 10 विकेट से हराया, जबकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने दो साल बाद वेस्टइंडीज के प्रोविडेंस में इसका बदला चुकता कर दिया था। गावस्कर ने कहा, ' दोनों टीम बहुत अच्छी हैं। उनके पास अच्छे बल्लेबाज और अच्छे गेंदबाज हैं।



### लक्ष्य ने शी युकी को हराकर उलटफेर किया

**बर्मिंघम।** भारत के लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां अपनी मानसिक मजबूती और शारीरिक ताकत का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियशिप के पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के शी युकी को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। लक्ष्य ने इस मुकाबले में 23-21, 19-21, 21-17 से जीत हासिल की। उन्होंने दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी युकी को व्यक्तिगत मुकाबले में पहली बार हराया। लक्ष्य ने 2023 में एशियाई खेलों की टीम चैंपियनशिप में चीन के इस खिलाड़ी को हराया था। कोच विमल कुमार ने पीटीआई को बताया, ''लक्ष्य आज बहुत शांत और स्थिर था। शुरू से ही उसने शी युकी को हर अंक के लिए कड़ी मेहनत करवाई और आखिरकार चीन का खिलाड़ी थकने लगा।'' उन्होंने कहा, ''दूसरे गेम में एक समय मुझे लगा कि लक्ष्य थोड़ा थक रहा है लेकिन वह अच्छी तरह से इससे उबर गया और अपना स्तर बेहतर किया। उसका अटैकिंग खेल भी बहुत बढ़िया था।''

## टी-20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी

# वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका का 5-0 का दबदबा पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका की भिड़ंत न्यूजीलैंड से 4 मार्च को होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। साउथ अफ्रीका इस टूर्नामेंट की इकलौती टीम है, जो विश्व कप में अजेय रही है। टी20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की कुल 19 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 12 मुकाबलों में जीत प्रोटियाज टीम के हाथ लगी है। वहीं, न्यूजीलैंड ने सिर्फ 7 मैच जीते हैं। साउथ अफ्रीका का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कमाल का रहा है। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक खेले सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की है। एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 राउंड में भारत, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है।



### दमदार बल्लेबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम

मार्क्रम, क्विंटन डीकॉक, डेवाल्ड ब्रेविस, रयान रिकलेटन, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और मार्को यानसन जैसे दमदार बल्लेबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम किसी भी विरोधी टीम की नींद उड़ा सकती है। लेकिन सैंटनर के पास रचिन रविंद्र (सात से कम इकॉनमी रेट से नौ विकेट), ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची जैसे स्पिनर होंगे जिन्होंने अभी तक मिलकर अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर भारत को छोड़ दिया जाए तो दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इतने अच्छे स्पिन आक्रमण का सामना करेगी।

### न्यूजीलैंड के पास अच्छे लेग स्पिनर की कमी

न्यूजीलैंड के पास दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने के लिए एक अच्छे लेग स्पिनर की कमी है क्योंकि ईश सोढ़ी ने अब तक खेले गए मैचों में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। ईडन गार्डन्स की पिच पर दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड की उस टीम के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करना चाहेगी, जिसने अपने सुपर आठ के मैच श्रीलंका की धीमी पिचों पर खेले थे। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही है और ऐसे में फिन एलन, टिम सीफर्ट, ग्लेन फिलिप्स और डैरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज पहले बल्लेबाजी करने की स्थिति में 200 से अधिक का स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे ताकि दक्षिण अफ्रीका के सामने कड़ी चुनौती पेश की जा सके।

### बेहतरीन फॉर्म में मार्करम


साउथ अफ्रीका की तरफ से बल्लेबाजी में एडेन मार्करम बेहतरीन फॉर्म में नजर आए हैं। मार्करम 7 मैचों में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 268 रन बना चुके हैं। वहीं, रयान रिकेल्टन भी लगातार बल्ले से अहम योगदान दे रहे हैं। रिकेल्टन 7 मैचों में 171 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 228 रन बना चुके हैं। क्विंटन डी कॉक ने भी पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को दमदार शुरुआत दी है। गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी साउथ अफ्रीका की ओर से इस विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। एनगिडी 6 मैचों में अब तक 12 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, कॉर्बिन बॉश 11 विकेट निकाल चुके हैं।

### बेहतरीन लय में न्यूजीलैंड की टीम

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी बेहतरीन लय में दिखाई दी है। बल्लेबाजी में टिम सीफर्ट ने 6 मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 216 रन बनाए हैं। वहीं, रचिन रविंद्र लगातार बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दे रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने भी न्यूजीलैंड की लड़खड़ाती हुई पारी को बखूबी संभाला है। गेंदबाजी में मिचेल सैंटनर, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने बढ़िया प्रदर्शन किया है।

## टी-20 वर्ल्ड कप

# आईसीसी ने घोषित किए टी20 विश्वकप सेमीफाइनल के अंपायर और रेफरी




एजेंसी ▶▶| दुबई

टी20 वर्ल्ड कप अब अपने सबसे रोमांचक दौर में पहुंच गया है। टाइटल से बस दो कदम दूर चार बड़ी टीमों के बीच होने वाले मुकाबले से पहले, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने एक अहम घोषणा की है। सेमीफ़ाइनल मैचों के लिए अंपायरों और मैच रेफ़री के नामों की घोषणा कर दी गई है।

आईसीसी ने बताया कि आईसीसी एलीट पैनल के अनुभवी अंपायर और रेफ़री कोलकाता और मुंबई में खेले जाने वाले नॉकआउट मैचों में अंपायरिंग करेंगे। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमी-फ़ाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूज़ीलैंड आमने-सामने होंगे। इस मैच में रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फ़ील्ड अंपायर होंगे। रिचर्ड इलिंगवर्थ पहले भी बड़े टी20 वर्ल्ड कप मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं, जबकि एलेक्स व्हार्फ ने भी टूर्नामेंट के अहम मैचों में अंपायरिंग की है। नितिन मेनन पहले सेमी-फ़ाइनल में थर्ड अंपायर होंगे, जबकि जवागल श्रीनाथ मैच रेफ़री होंगे।

### सेमीफाइनल में दिखेगा जबरदस्त रोमांच

टी20 वर्ल्ड कप जैसे बड़े मंच पर अंपायरों और रेफरी की भूमिका बेहद अहम होती है। नॉकआउट मुकाबलों में हर फैसला मैच का रुख बदल सकता है। ऐसे में आईसीसी ने अनुभवी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि मुकाबले निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। अब फैंस की नजरें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं।

**सेमी-फ़ाइनल 1**

**द.अफ्रीका बनाम न्यूज़ीलैंड**

**फ़ील्ड अंपायर:** रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ
**थर्ड अंपायर:** नितिन मेनन
**फ़ोर्थ अंपायर:** रॉड टकर
**मैच रेफ़री:** जवागल श्रीनाथ
(4 मार्च, कोलकाता)

**सेमी-फ़ाइनल 2**

**इंडिया बनाम इंग्लैंड**

**फ़ील्ड अंपायर:** क्रिस गैफ़नी और अलाउद्दीन पालेकर
**थर्ड अंपायर:** एड्रियन होल्डस्टॉक
**फोर्थ अंपायर:** पॉल रीफ़ेल
**मैच रेफ़री:** एंडी पायक्रॉफ्ट
(5 मार्च, मुंबई)

## अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों में लगा बैन वेस्टइंडीज टीम नहीं जा पा रही स्वदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों पर लगे प्रतिबंधों के कारण टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ से से बाहर होने वाली वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम भारत में ही फंसी हुई है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कहा है कि वह खिलाड़ियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। खाड़ी क्षेत्र में हवाई सेवाएं फिलहाल निलंबित हैं और दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी नुकसान की खबर है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'सीडब्ल्यूआई यह बताना चाहता है कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद वेस्टइंडीज की सीनियर पुरुष टीम अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में प्रतिबंधों के कारण भारत से रवाना नहीं हो पाई।'

### जिम्बाब्वे के खिलाड़ी भारत में फंसे

सीडब्ल्यूआई ने कहा, 'वर्तमान स्थिति में हमारे प्रशंसकों, परिवारों और हितधारकों की समझ और चिंता के लिए सीडब्ल्यूआई आभारी है।" वेस्टइंडीज के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाड़ी भी इसी कारण से भारत में फंसे हुए हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि टीम दिल्ली में ही है।

## कांती दत्त करेंगे हैदराबाद से मुंबई तक साइकिल यात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के फिटनेस एंबेसडर और साइकिल चालक कांती दत्त सरकार के प्रमुख 'फिट इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने के लिए 7 मार्च से साइकिल पर हैदराबाद से मुंबई तक 750 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। दत्त 'अल्ट्रा एंड्योरेंस' साइकिलिस्ट हैं और उन्होंने अपने पिता के निधन के बाद मानसिक रूप से फिट रहने के लिए यह खेल अपनाया। उनकी यह यात्रा 14 मार्च को समाप्त होगी। दत्त ने कहा, ' फिटनेस पर ध्यान देने से मैं केवल शारीरिक रूप से ही फिट नहीं बना, बल्कि इसने मुझे भावनात्मक रूप से फिट बनने में भी मदद की। इसने मुझे खुद को फिर से समझने में मदद की। मैं चाहता हूं कि लोग यही समझें कि यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा, 'हैदराबाद से मुंबई तक का यह मेरा पहला दौरा है। मैं चाहता हूं कि यह किसी खास बात का प्रतीक बने।



# बेंगलुरु लौटीं सिंधू, कहा- नहीं खेल पाऊंगी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू खाड़ी में चल रही जंग के बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने के कारण बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगी और वह दुबई से स्वदेश लौट गई हैं। सिंधू इंग्लैंड जाने के लिए उड़ान नहीं मिल पाने के कारण दुबई में फंसी हुई थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'बेंगलुरु में अपने घर लौट गई हूं और सुरक्षित हूं। पिछले कुछ दिन बेहद तनावपूर्ण और अनिश्चित रहे हैं। मैं ईश्वर की आभारी हूं कि मैं वापस अपने घर लौट आई हूं।' उन्होंने कहा, 'दुबई की बेहतरीन ग्राउंड टीम, दुबई के अधिकारियों, हवाई अड्डे के कर्मचारियों, आव्रजन विभाग और उन सभी लोगों का तहेदिल से आभार, जिन्होंने इस बेहद मुश्किल समय में हमारी अच्छी देखभाल की। उनकी सहानुभूति और पेशेवर रवैए को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।' उन्होंने कहा, 'फिलहाल अब आराम करने, खुद को तरोताजा करने और अगली प्रतियोगिताओं के बारे में सोचने का समय है।'



### दुबई होते हुए बर्मिंघम जा रही थीं

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू दुबई होते हुए बर्मिंघम जा रही थीं, लेकिन अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में उड़ान संचालन रोक दिया गया, जिसके कारण वह दुबई में फंस गई थी। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दुबई पर भी हमला किया। सिंधू ने कहा कि उनके और उनकी टीम के लिए यह अनुभव भयावह था।

# महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी: हरियाणा ने झारखंड को 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**एमडीयू की अमनदीप कौर ने पांच और गुलशन अली ने चार बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया**

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में मंगलवार को हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड को 6 विकेट से हराया। मुकाबला पुदुचेरी में खेला गया। इसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक की खिलाड़ियों ने हरियाणा की ओर से शानदार प्रदर्शन किया। एमडीयू की अमनदीप कौर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। वहीं, गुलशन अली ने चार विकेट लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। 27 रन के स्कोर पर झारखंड ने पहला विकेट गंवा दिया। 38 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवाने के बाद टीम संकट में आ गई। इसके बाद विजेता और शिखा ने संभलकर बल्लेबाजी की। 98 रन के स्कोर पर पांचवे विकेट के रूप में विजेता का विकेट गंवा दिया। इसमें एक रन जोड़कर शिखा भी आउट हो गई। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल पाया। झारखंड की पूरी टीम 47.1 ओवर में 128 रन पर ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से एमडीयू के खिलाड़ियों ने जबरदस्त गेंदबाजी की। अमनदीप कौर ने 10 ओवर में तीन मेडन और 17 रन देकर पांच बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। वहीं, गुलशन अली ने 10 ओवर में एक मेडन और 24 रन देकर चार खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। इसके जवाब में हरियाणा की शुरूआत ठीक-ठाक रही। पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़। 42 रन पर ही कप्तान सोनिया दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गई। इसके बाद भी हरियाणा के बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और 43.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीता। हरियाणा की ओर से तनिष्का शर्मा ने 47 और कोमल ने नाबाद 31 रन बनाए।



गुलशन अली।



अमनदीप कौर।

## रोहतक के बंसीलाल स्टेडियम में खेला गया मैच

# पंजाब ने पुडुचेरी को 9 विकेट से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में मंगलवार को चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली रोहतक में खेले गए मैच में पंजाब ने पुडुचेरी को 9 विकेट से हराया। पंजाब की ओर से प्रियंका ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके।

पुदुचेरी की टीम ने 21 रन के अंदर 9 विकेट गंवा दिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए हुए पुडुचेरी टीम की शुरूआत अच्छी रही और पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़। पहला विकेट गिरने के बाद टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज सकंट मोचन नहीं बन सका। पूरी टीम 35.4 ओवर में 75 रन पर ऑलआउट हो गई। पुडुचेरी की ओर से कप्तान ई कविशा ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। इसके अलावा 9 बल्लेबाजों ने मिलकर केवल 35 रन ही बनाए। पुडुचेरी के चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। पंजाब की ओर से प्रियंका ने 9 ओवर में दो मेडन और 14 रन देकर पांच विकेट लिए। इसके अलावा श्रुति ने तीन और मन्नत ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ी आसानी से पंजाब ने 18.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीता। पंजाब की ओर से अवनीत ने नाबाद 33 और हिमांशी ने 22 रन बनाए।

## विश्व कप फुटबॉल में ईरान की जगह ले सकता है इराक

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

विश्व कप के सह मेजबान अमेरिका की पहल पर मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के बढ़ने के कारण तीन महीने बाद होने वाली फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में ईरान का भाग लेना संदिग्ध है और ऐसी स्थिति में उसकी जगह इराक या यूएई को दी जा सकती है। ईरान को विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच अमेरिका में खेलने हैं। उसे ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसके बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान 11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए अपनी टीम भेजेगा या नहीं या अमेरिका की सरकार उसकी टीम को अपने यहां आने से रोकेगी या नहीं। फीफा ने शनिवार से इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। एशियाई फुटबॉल की महाशक्ति ईरान ने पिछले आठ विश्व कप में से छह के लिए क्वालीफाई किया है। वह 211 टीमों की फीफा विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर है। अगर ईरान विश्व कप से हट जाता है तो उसके फुटबॉल महासंघ को कम से कम 10.5 मिलियन डॉलर का नुकसान होगा। उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।






ईरान के प्रमुख शासक खामेनेई पर हमले का खुलासा

# इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने वर्षों तक तेहरान के ट्रैफिक कैमरे किए हैक, मोबाइल नेटवर्क डेटा में सेंध, मूवमेंट का डिजिटल नक्शा किया तैयार

*मोसाद ने तेहरान के अधिकतर ट्रैफिक कैमरों की लाइव फीड को एन्क्रिप्ट कर तेल अवीव और दक्षिणी इजराइल के सर्वरों पर भेजा जा रहा था। एक कैमरे का एंगल खासतौर पर उपयोगी माना गया, जिससे खामेनेई के हाई-सिक्योरिटी कंपाउंड के सामान्य हिस्से की झलक मिलती थी*

एजेंसी ▶▶ लंदन

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद यह सवाल उठ रहा है कि अमेरिका और इजराइल ने इतना सटीक हमला कैसे किया? लंदन स्थित मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इजराइल ने वर्षों तक तेहरान के ट्रैफिक कैमरा नेटवर्क और मोबाइल सिस्टम में गहरी सेंध लगाकर खामेनेई की गतिविधियों पर नजर रखी। रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ कैमरे ही नहीं बल्कि मोबाइल नेटवर्क डाटा तक पहुंच बनाई गई, जिससे सुरक्षा घेरे और मूवमेंट पैटर्न का पूरा डिजिटल नक्शा तैयार किया गया।

मोसाद ने तेहरान के लगभग सभी ट्रैफिक कैमरों को वर्षों से हैक कर लिया था। तेहरान के अधिकतर ट्रैफिक कैमरों की लाइव फीड को एन्क्रिप्ट कर तेल अवीव और दक्षिणी इजराइल के सर्वरों पर भेजा जा रहा था। एक कैमरे का एंगल खासतौर पर उपयोगी माना गया, जिससे खामेनेई के हाई-सिक्योरिटी कंपाउंड के सामान्य हिस्से की झलक मिलती थी।




'पैटर्न ऑफ लाइफ' तैयार किया गया

मोबाइल टावरों से भी छेड़छाड़ की गई


ईरान के प्रमुख शासक खामेनेई के घर पर हमले के बाद का दृश्य — फाइल फोटो

### एक कैमरे से मिला अहम सुराग

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक खास कैमरा एंगल से यह पता लगाया गया कि खामेनेई के बॉडीगार्ड अपनी निजी गाड़ियां कहां पार्क करते थे। इससे उनके कंपाउंड के अंदर की दिनचर्या और सुरक्षा व्यवस्था को समझने में मदद मिली। जटिल एल्गोरिदम का इस्तेमाल कर खामेनेई की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स की फाइलें तैयार कीं। इनमें उनके पते, ड्यूटी के घंटे, काम पर जाने के रास्ते और किस अधिकारी की सुरक्षा में तैनात हैं, जैसी जानकारियां शामिल थीं। इस पूरी प्रक्रिया को खुफिया भाषा में 'पैटर्न ऑफ लाइफ' कहा जाता है यानी रोजमर्रा की आदतों का डिजिटल नक्शा।

**'सोशल नेटवर्क एनालिसिस' तकनीकी अपनाई**

*रिपोर्ट के अनुसार, पाश्चर स्ट्रीट के पास मौजूद करीब एक दर्जन मोबाइल टावरों के कुछ हिस्सों को भी बाधित किया गया। इससे खामेनेई की सुरक्षा टीम के फोन कॉल अक्सर 'बिजी' दिखते थे और उन्हें समय रहते चेतावनी नहीं मिल पाती थी। इस जानकारी को तैयार करने में इजराइल की सिग्नल इंटेलिजेंस इकाई यूनिट 8200, मानव स्रोतों के जरिए काम करने वाली एजेंसी मोसाद और सैन्य खुफिया विश्लेषण की भूमिका रही। अरबों डाटा पॉइंट्स का विश्लेषण करने के लिए 'सोशल नेटवर्क एनालिसिस' नाम की गणितीय तकनीक अपनाई गई। इससे यह पता लगाया गया कि फैसले कहां लिए जाते हैं और नए टारगेट कौन हो सकते हैं।*

राष्ट्रपति ट्रंप की दो टूक

### इजराइल के खिलाफ कार्रवाई सही, सबसे बड़ा 'प्रहार' बाकी



*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई को सही ठहराया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलें होतीं, तो वह मध्य-पूर्व ही नहीं बल्कि अमेरिका के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता था। उनके मुताबिक यह जंग चार से पांच सप्ताह तक चल सकती है, हालांकि अमेरिका के पास इससे अधिक समय तक कार्रवाई करने की क्षमता भी है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान का सबसे बड़ा प्रहार अभी बाकी है। अमेरिका ने अभी अपनी पूरी ताकत नहीं लगाई है और आने वाले दिनों में कार्रवाई और तेज हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभियान में जितना समय लगे, ठीक है। हम करेंगे।*

### लंदन से मुंबई का किराया 9 लाख हुआ

खाड़ी क्षेत्र के ऊपर से गुजरने वाले हवाई मार्गों में बाधा और अस्थायी एयरस्पेस बंद होने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सोमवार को लंदन से मुंबई आने का किराया कुछ यूरोपीय एयरलाइंस में प्रति यात्री 9 लाख रुपए तक पहुंच गया। इकॉनमी क्लास का टिकट जहां सामान्यतः 20 से 50 हजार रुपए के बीच होता है। वहीं वह 2.9 लाख रुपए तक बिकता दिखा। बिजनेस क्लास का किराया 1.2 से 2.5 लाख रुपए से बढ़कर 9 लाख रुपए तक पहुंच गया। एयरलाइन कंपनियों का कहना है कि मुख्य कारण रूट का लंबा हो जाना है। खाड़ी क्षेत्र से बचते हुए उड़ानों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ रहा है, जिससे उड़ान समय बढ़ रहा है। ईंधन लागत में इजाफा हो रहा है। क्रू ड्यूटी टाइम और ऑपरेशनल खर्च बढ़ रहे हैं।

**ईरान की यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी**

## यूएस-इजराइल का समर्थन करने के कदम को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेंगे

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बकाई ने यूरोपीय देशों को इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ यूएस-इजराइल अभियान में हिस्सा न लेने की चेतावनी देते हुए कहा कि यह 'एक्ट ऑफ वार', यानी 'युद्ध की कार्रवाई' मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर वो इजराइल और अमेरिका के हमलों में 'डिफेंसिव एक्शन' के नाम पर शामिल होते हैं, तो इसे ईरान के खिलाफ युद्ध की घोषणा माना जाएगा। जर्मनी, फ्रांस और यूके ने कहा कि वे ईरान की मिसाइल और ड्रोन को उनके सोर्स पर फायर करने की क्षमता को खत्म करने के लिए उसी हिसाब से डिफेंसिव एक्शन ले सकते हैं। वे सीधे युद्ध में शामिल नहीं हैं, लेकिन अमेरिका को अपनी बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं।

### ईरान के गेराश में 4.3 तीव्रता का भूकंप

ईरान के गेराश में भूकंप के जोरदार झटके लगे हैं। अमेरिकी भूगर्भ विज्ञान विभाग (यूएसजीएस) के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई है, और भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर था। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है, और स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

## मस्कट से सुरक्षित लौटे भारतीय बोले- सरकार ने अच्छी तरह संभाला

ईरान युद्ध के तनावपूर्ण माहौल के बीच ओमान के मस्कट में फंसे भारतीय नागरिक अपने देश लौट आए हैं। मंगलवार को भारत की धरती पर कदम रखते ही इन लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने इस मुश्किल घड़ी में अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की। मस्कट से दिल्ली पहुंची एक यात्री अनीशा अग्रवाल ने बताया कि मिसाइलों को हवा में ही रोका जा रहा था, जिससे हम डर गए और हमने वापस लौटने का फैसला किया। सरकार ने स्थिति को बहुत अच्छे से संभाला। हमारे साथ बच्चे थे, इसलिए हम बहुत चिंतित थे। मिसाइलों की आवाज से बच्चे सहम गए थे। वहां के हालात देखकर हम घबरा गए थे। मिसाइलों को रोकने से होने वाली तेज आवाजों से बच्चे परेशान हो रहे थे। एक यात्री आदिल ने बताया कि वहां अनिश्चितता का माहौल था। कई उड़ानें रद्द हो रही थीं, जिससे हमें अपनी फ्लाइट छूटने का डर था। हमने मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क किया। भारत लौटकर मैं बहुत राहत और खुशी महसूस कर रहा हूं। अब हवाई सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं और मेरी वापसी की यात्रा आसान रही।




### खामेनेई के प्रतिनिधि से मिले कांग्रेस सांसद मसूद

यूपी के सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई के प्रतिनिधि से मुलाकात की। डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही से मुलाकात के क्रम में सांसद ने ईरान के सुप्रीम लीडर के मारे जाने पर शोक संवेदना व्यक्त की। मुलाकात के बाद सांसद ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ईरान को लेकर सरकार की ओर से एक शब्द नहीं कहा गया। ईरान ने किसी पर हमला नहीं किया। ईरान पर हमला हुआ है। ऐसे में भले ही हम निरपेक्ष दिखें, लेकिन पीड़ित पक्ष के संबंध में एक शब्द नहीं कहना आपको विश्वगुरु कैसे बनाएगा?

**खबर संक्षेप**

### इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में मंगलवार को भूकंप के झटके सुमात्रा द्वीप के पास महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर आया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई है। वहीं, इस भूकंप का केंद्र धरती से 20 किलोमीटर की गहराई में बताया जा रहा है।



### गोलीबारी में भारतीय छात्रा समेत 4 की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास राज्य की राजधानी ऑस्टिन में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में भारतीय मूल की 21 वर्षीय छात्रा सविता शान समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 अन्य घायल हो गए। अमेरिकी अधिकारियों ने मृतकों में शान की पहचान की पुष्टि की है।



### '12 बम' की ई-मेल धमकी से दहला रायपुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। मामला सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अफगानिस्तान की डूरंड लाइन पर पाकिस्तान के साथ जंग जारी**

पाक वायुसेना के हवाई हमलों का जवाब दिया

# 25 से ज्यादा चौकियां कब्जाईं, 100 से अधिक सैनिक ढेर करने का दावा

*अफगानिस्तान ने कंधार और अली-शेर जिले में किए हमले*

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर पिछले पांच दिनों से जंग जारी है। इस बीच अफगान सेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हवाई हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उनकी सेना ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा के पास कई जरूरी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों में काबुल से जुड़े इलाके, खोस्त का अली-शेर जिला, जलालाबाद और कंधार के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं।



दोनों देशों के बीच यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने 21-22 फरवरी को अफगानिस्तान के अंदर कथित आतंकी कैंपों पर हमले किए थे। इसके जवाब में अफगान सेना ने आक्रामक रुख अपनाया है। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, उनकी सेना ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक और शोराबक जिलों में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्पिन बोल्डक में तीन चौकियों पर कब्जा करने के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक सैनिक को अफगान सेना ने पकड़ लिया। अली-शेर जिले में भी दो पाकिस्तानी पोस्ट अब अफगान सेना के कब्जे में हैं।

### बख्तरबंद टैंक किए नष्ट

अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पक्तिका प्रांत में अफगान सैनिकों ने पाकिस्तान का एक बख्तरबंद टैंक नष्ट कर दिया है। यह टैंक अफगान इलाके की तरफ अंधाधुंध गोले बरसा रहा था। मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खोवाराजमी ने यह दावा किया।

### पाक की बमबारी नाकाम की

अफगान पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने काबुल के पास स्थित बगराम एयर बेस पर बमबारी करने की कोशिश की थी। अफगान एयर डिफेंस सिस्टम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस हमले को नाकाम कर दिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

**तालिबान के 67 लड़ाकों को मार गिराया: पाक**

*पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने मंगलवार तड़के दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर 16 स्थानों पर हुए हमलों को नाकाम कर दिया और रातभर जारी अभियानों में अफगान तालिबान के 67 और लड़ाकों को मार गिराया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में अफगान तालिबान के 40 लड़ाके मारे गए। उत्तरी बलूचिस्तान के किला सैफुल्लाह, नोश्की और चमन जिलों में अफगान तालिबान के 27 लड़ाके मारे गए और कई घायल हुए।*

## राजौरी में विमान के आकार का मिला गुब्बारा, उर्दू में लिखा है 'पीआईए'


एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में पुलिस ने मंगलवार को 'पीआईए' लिखा हुआ विमान के आकार का एक गुब्बारा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धर्मसाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरहोती गांव में उर्दू में 'पीआईए' लिखा हुआ लाल और सफेद रंग का विमान के आकार का गुब्बारा मिला है। गुब्बारे के दिखने के बाद स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारियों ने बताया कि टेरीथ पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर उसे जब्त कर लिया। ऐहतियातन सीमांत इलाकों में अलर्ट जारी करते हुए स्थानीय लोगों को हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहा गया है।

## हम और परमाणु बम बनाएंगे : फ्रांस

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाएगा। मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस एक बार फिर से परमाणु बम बनाएगा और अपने परमाणु बम के बेड़े को बढ़ाएगा। मैक्रों ने कहा कि फ्रांस परमाणु बमों की गिनती नहीं बताएगा। फ्रांस यूरोप की स्वतंत्रता को और मजबूती देने के लिए अपनी नई परमाणु पॉलिसी के तहत सहयोगी देशों को अपने परमाणु-सशस्त्र विमानों की अस्थायी तैनाती की भी मंजूरी देगा। मैक्रों ने ये साफ कर दिया है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर वह किसी भी दूसरे देश के साथ फैसला लेने के लिए साझेदारी नहीं करेगा। समझौतों को लेकर ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैंड, नीदरलैंड, बेल्जियम, यूनान, स्वीडन और डेनमार्क के साथ बातचीत शुरू हो गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109